तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 15.9 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, बुधवार 28 जनवरी 2026

13 आधा दर्जन से ज्यादा इलाकों में पानी के लो प्रेशर की...



18 रायपुर कॉरिडोर इकोनॉमिक विशाखापट्टनम सिक्सलेन, ...




## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धत कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकलो प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएना प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 **पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

Advt.


## खबर संक्षेप

### थानों में कराई 149 गुंडा बदमाशों की परेड



**रायपुर।** डीसीपी पश्चिम रायपुर क्षेत्र के 9 थाना क्षेत्रों में मंगलवार को 149 गुंडे-बदमाशों की परेड कराई गई। इनमें कई निगरानीशुदा बदमाश भी शामिल रहे। ये आरोपी आमानाका, कबीर नगर, सरस्वती नगर, आजाद चौक, डीडीनगर, पुरानी बस्ती, टिकरापारा, राजेंद्र नगर एवं मुजगहन थाना क्षेत्र के हैं। इस दौरान पुलिस ने 39 बदमाशों के विरुद्ध तत्काल प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए उन्हें एसडीएम न्यायालय में प्रस्तुत किया।

### मकान-वाहन से 77.4 लीटर शराब जब्त, दो गिरफ्तार

**रायपुर।** आबकारी विभाग ने अवैध रूप से शराब बेचने के मामले में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक व्यक्ति के घर से और दूसरे की दोपहिया वाहन से शराब जब्त की है। जिला प्रभारी उपायुक्त राजेश शर्मा के निर्देश पर आबकारी की टीम ने 25 जनवरी को ग्राम भूमिया थाना तिल्दा निवासी अनिल पारधी के रिहायशी मकान में दबिश देकर वहां से 250 पाव देशी शोले शराब जब्त की। इसी प्रकार गैतरा मार्ग ग्राम चिचोली थाना खरोरा में रवि कुमार यादव की बिना नंबर प्लेट की दोपहिया टीवीएस ज्यूपीटर से 180 पाव देशी (सवा शेरा) शराब जब्त की। सहायक जिला आबकारी अधिकारी वैभव मित्तल और आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त तिल्दा मेधा मिश्रा ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क), 34(2), 59(क) के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

### सूने मकान में धावा 15 हजार की चोरी

**रायपुर।** मानसरोवर कालोनी रायपुरा में एक सूने मकान में चोरी हो गई। प्रार्थी आदित्य कुमार ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पुलिस को जानकारी दी है कि 24 और 25 जनवरी को उसका पूरा परिवार बाहर गया था। घर पर ताला लगा था। 26 जनवरी को वापस लौटे तो घर का ताला टूटा पाया और अंदर आलमारी में रखे नकदी 15 हजार रुपए गायब मिले। डीडीनगर पुलिस ने मामले में बीएनएसः 331-4, 305 ए के तहत अपराध दर्ज किया है।

### चाकू लेकर घूमते धरा गया बदमाश

**रायपुर।** गुढ़ियारी पुलिस ने एक बदमाश को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली कि 26 जनवरी की रात करीब साढ़े दस बजे गोगांव पानी टंकी के पास एक युवक चाकू लेकर घूम रहा था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी भावेश कुमार टंडन को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चाकू बरामद किया है। इस मामले में आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट 25, 27 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### कार ने बाइक सवार को ठोका, घायल

**रायपुर।** महादेवघाट रोड पर एक्सीडेंट में एक बाइक सवार को चोटें आई हैं। घटना 26 जनवरी की रात 7 बजे की है। प्रार्थी आर्यन चंद्राकर निवासी कोटा अपनी बाइक से जा रहा था, तभी पीछे से एक कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिर गया। इससे उसे मामूली चोटें आई हैं। पुलिस ने इस मामले में आरोपी कार चालक के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है।

### शहर के व्यावसायिक परिसरों में पार्किंग स्थल का स्वीकृति विपरीत उपयोग

# सड़क पर गाड़ियां पार्क, पार्किंग में दुकान और गोदाम, पाथवे तक नहीं छोड़ा, पैदल चलना मुश्किल

### नगर निगम प्रशासन बेपरवाह, झांकने तक नहीं जाती टीम, जनता हलाकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

राजधानी के कचहरी चौक, मालवीय रोड, घड़ी चौक, आमापारा, गांधी मैदान के सामने सहित कुछ अन्य प्रमुख व्यावसायिक इलाकों में पार्किंग स्थल होने के बाद भी सड़क पर धड़ल्ले से गाड़ियां पार्क हो रही हैं। पार्किंग वाली जगह पर कहीं दुकान तो कहीं गोदाम बना दिया गया है। पार्किंग स्थल का स्वीकृति विपरीत उपयोग को लेकर निगम प्रशासन संजीदा नहीं है। हर बार सर्वे कराने की खानापूर्ति कर जनता को उसके हाल पर छोड़ दिया जाता है। हालत ये है, जहां पैदल चलने वालों के लिए पाथवे बना है, वहां लाइन से दोपहिया, चारपहिया ▶▶| शेष पेज 16 पर





#### सघन अभियान चलाएंगे

मालवीय रोड, सदरबाजार, लालगंगा कांप्लेक्स, कचहरी चौक सहित शहर के प्रमुख व्यवसायिक मार्गो में सघन अभियान चलाया जाएगा ताकि सड़क घेरकर पार्किंग करने और पार्किंग स्थल की स्वीकृति अनुरूप उपयोग नहीं करने वालों कार्रवाई की जाएगी।
- **विश्वदीप**, आयुक्त, नगर निगम रायपुर

**केस 1**

#### कचहरी चौक कृष्णा कांप्लेक्स

शहर के कचहरी चौक स्थित पुराने बहुमंजिला व्यवसायिक परिसर कृष्णा कांप्लेक्स में आने-जाने वालों के लिए गाड़ियों को पार्क करने पर्याप्त पार्किंग की जगह नहीं है। इसके चलते ज्यादातर लोग मुख्य मार्ग वाली सड़क किनारे अपनी गाड़ियों की पार्किंग करने मजबूर हैं। जबकि रोजाना बड़ी संख्या में यहां लोगों का आना-जाना लगा रहता है। इस परिसर में कई तरह के प्रतिष्ठान संचालित हैं जिसके कर्मचारी से लेकर ग्राहक तक की गाड़ियों के पार्क करने सर्वसुविधा युक्त पार्किंग होना जरुरी है। जोन 2 का क्षेत्र होने के बाद ▶▶| शेष पेज 16 पर

**केस 2**

#### रविभवन सड़क के सामने गाड़ियां पार्क

नगर निगम के पुराने मुख्यालय दफ्तर के पास स्थित रविभवन परिसर में गाड़ियों की पार्किंग एक बड़ी समस्या बनी हुई है। बहुमंजिला परिसर व्यवसायिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होने के साथ ही शहर का प्रमुख केन्द्र है। इस हिसाब से यहां पार्किंग की समुचित व्यवस्था होना जरूरी है। 1993 में अविभाजित मध्यप्रदेश में इसका निर्माण हुआ तब पार्किंग के लिए 16,500 वर्गफीट जगह रखी गई थी। शहर का विस्तार होने के बाद यह जगह छोटी पड़ रही है। टू व्हीलर गाड़ियों के पार्किंग के लिए जगह ही नहीं बची। सूत्रों के मुताबिक जीई ▶▶| शेष पेज 16 पर

**केस 3**

#### पार्किंग की स्थिति लचर

राजधानी के लालगंगा शापिंग परिसर में पार्किंग की स्थिति लचर है। पर्याप्त पार्किंग की जगह नहीं होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जबकि इस परिसर में बड़ी संख्या में लोगों का आना-जाना लगा रहता है। पार्किंग व्यवस्था मजबूत करने की मांग एक अरसे से हो रही है। इस ओर निगम प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा। इसी तरह नगर निगम मुख्यालय से कोतवाली जाने वाले मार्ग में महंत कालेज के सामने वाली सड़क किनारे दुपहिया, चार पहिया की पार्किंग के चलते लोगों को परेशानी हो रही है। ▶▶| शेष पेज 16 पर

## थाने पहुंचा 'व्यापम' कहा- हमने नहीं निकाली शिक्षक भर्ती

- शिक्षक भर्ती का फर्जी विज्ञापन वायरल, दर्ज कराई शिकायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

व्यावसायिक परीक्षा मंडल फर्जी विज्ञापन से हलाकान हो गया है। अंततः कानून की मदद लेते हुए संबंधित थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। मामला शिक्षक भर्ती का है। अज्ञात द्वारा शिक्षक भर्ती का विज्ञापन व्यापम के नाम से निकाला गया। यह विज्ञापन सोशल साइट्स पर तेजी से वायरल होने लगा। व्यापम के हेल्पलाइन नंबर पर भी इससे जुड़े फोन कॉल्स आने लगे। अभ्यर्थियों में बढ़ते भ्रम को देखते हुए व्यापम ने अंततः थाने में मामले की शिकायत दर्ज कराई है। व्यापम के परीक्षा नियंत्रक हिमांशु अग्रवाल ने यह शिकायत दर्ज कराई। अब राखी थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। अलग-अलग संवर्ग में शिक्षक व सहायक शिक्षक पदों के लिए यह फर्जी विज्ञापन जारी हुआ था। फर्जी विज्ञापन में शिक्षकों के रिक्त 786 पदों का जिक्र है, जिन पर भर्ती की बात कही गई है। फर्जी विज्ञापन में लोक शिक्षण संचालनालय के फर्जी लेटर हेड से संयुक्त संचालकों को खत भी जारी किया गया है। इसमें प्रत्येक जिले में रिक्त शिक्षक पदों का जिक्र किया गया है।

#### जारी होता है वार्षिक कैलेंडर

गौरतलब है कि व्यापम द्वारा भर्ती परीक्षाओं के लिए पृथक-पृथक अधिसूचना जारी किए जाने की प्रथा अब समाप्त कर दी गई है। व्यापम द्वारा वार्षिक कैलेंडर जारी किया जाने लगा है। इसमें वर्षभर होने वाली भर्तियों का जिक्र होता है। ना केवल भर्ती परीक्षा बल्कि प्रवेश परीक्षाओं के लिए भी वार्षिक कैलेंडर जारी किया जाने लगा है। व्यापम की सारी परीक्षाएं इसी अनुसार संचालित होती हैं। व्यापम द्वारा दो तिथियां आरक्षित भी रखी गई हैं, ताकि यदि कोई विभाग आकस्मिक रूप से ▶▶| शेष पेज 16 पर

## पिटबुल डॉग के मालिक पर एफआईआर, उधार वसूलने आए कारोबारी पर किया था हमला


पिटबुल डॉग के हमले से युवक हुआ जख्मी
कई को जख्मी कर चुका, पुलिस में मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

उधारी में लिए सामान का पैसा वसूलने आए कारोबारी पर हमला करने वाले खतरनाक पिटबुल डॉग के मालिक के खिलाफ खम्हारडीह थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। कारोबारी से नाराज चिकित्सक ने उनसे गाली-गलौज की, इसी दौरान उसके दो पालतू कुत्ते कारोबारी को काटने लगे। इन कुत्तों के द्वारा पहले भी कई लोगों को अपना शिकार बनाया गया है, जिसे लेकर अनुपम नगर में काफी नाराजगी है।

घटना 25 जनवरी की थी उस दौरान सोफा और परदे की दुकान में काम करने वाला सुरेश यादव अपने कुछ साथियों के साथ अनुपम नगर में रहने वाले डा. अक्षय राव के घर पुराना पैसा वसूलने आए थे। बताया जाता है कि पहले तो डाक्टर ने उन्हें बहाना बनाकर टालने की कोशिश की। जब वे नहीं माने, तो वह गाली-गलौज पर उतारू हो गया। इसी दौरान उसके पिटबुल प्रजाति के दो डॉग घर से बाहर निकल आए। बाकी लोग तो भाग गए, मगर सुरेश उनका शिकार हो गया और कुत्तों ने उसके पैर सहित विभिन्न हिस्सों को काट खाया। इस मामले के सामने आने के बाद क्षेत्र में डा. राव के पालतू कुत्तों के प्रति नाराजगी फैल गई। इस मामले में सुरेश यादव के साथ हरीश संभारे की शिकायत पर डा. अक्षय राव के खिलाफ धारा बीएनएस की धारा 291 और 296 के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू की गई है। उनके पालतू कुत्ते पूर्व में भी कामवाली बाई, आने वाले सेल्समैन सहित कई लोगों पर हमला कर चुके हैं।

*प्रतिबंधित पिटबुल डॉग सुरक्षित रूप से हटाने, बाड़ेबंदी कर रखने निर्देश*

#### *निगम ने अक्षय राव को दिया नोटिस, पिटबुल डॉग बाइट मामला*

*नगर निगम की स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने राजधानी के अनुपम नगर निवासी अक्षय राव को नोटिस भेजा है। नोटिस में प्रतिबंधित पिटबुल नस्ल के पालतू कुत्ते को तत्काल सुरक्षित रूप से हटाने या बाड़ेबंदी कर पूर्णरूप से नियंत्रित अवस्था में बांधकर रखने निर्देश दिए हैं। ऐसा नहीं होने पर नियम अनुसार कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है। निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर यह नोटिस जारी किया गया है। विदित हो कि स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा गत 16 जुलाई 2024 को भी श्री राव को उनके द्वारा रखे गये पिटबुल नस्ल के पालतू कुत्ते द्वारा डॉग बाइट की घटना होने पर नोटिस दिया गया था, पर डॉग बाइट की घटना की पुनरावृत्ति होने से इसे जनस्वास्थ्य की दृष्टि से गंभीर विषय माना गया है। दरअसल खम्हारडीह थाना क्षेत्र के अनुपम नगर में गत दिनों पिटबुल डॉग ने एक युवक के पैर को बुरी तरह से नोच लिया। शोर मचाने पर पास-पड़ोस के रहवासी युवक को बचाने पहुंचे, तब जाकर डॉग*
▶▶| शेष पेज 16 पर

### बदले गए सीबीएसई के 2018 के मान्यता संबंधित नियम

## शहर की कैटेगरी के अनुसार तय होगा स्कूली जमीन का दायरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने स्कूलों की मान्यता से जुड़े जमीन के नियमों में बड़ा फेरबदल किया है। अब नए नियमों के तहत, कई शहरों और इलाकों में कम जमीन होने पर भी सीबीएसई स्कूल खोलना मुमकिन होगा। बोर्ड ने अपने एफिलिएशन बाय-लॉज 2018 के पुराने नियमों (क्लॉज 3.3 से 3.7) को खत्म कर दिया है और उनकी जगह एक नया और आसान चार्ट पेश किया है। यह फैसला हाल ही में हुई गवर्निंग बॉडी की मीटिंग में लिया गया है। सीबीएसई ने अब लोकेशन के हिसाब से जमीन की जरूरतों को तीन कैटेगिरी में बांट दिया है।

पहली कैटेगिरी के अंतर्गत यदि प्रबंधन देश के किसी भी सामान्य इलाके में स्कूल खोलना चाहता है, तो सीनियर सेकेंडरी स्कूल (12वीं तक) के लिए अब 6000 वर्ग मीटर जमीन की जरूरत होगी। दूसरी कैटेगिरी में राजधानी और पहाड़ी इलाकों को रखा गया है। इसमें राज्य की राजधानियां, ''वाय'' कैटेगिरी के शहर और पहाड़ी इलाके शामिल हैं। यहां 10वीं तक ▶▶| शेष पेज 16 पर

#### तीसरी कैटेगिरी में खास राज्य

तीसरी कैटेगिरी में मेट्रो शहर और खास राज्यों को रखा गया है। इसमें दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और चेन्नई जैसे ''एक्स'' कैटेगिरी के शहरों के साथ ही अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम और अंडमान-निकोबार जैसे इलाकों को शामिल किया गया है। इस कैटेगरी के स्कूलों के लिए नियम और भी आसन किए गए हैं।

## तेलीबांधा चौक के पास बनेगा बहुमंजिला ट्रेड टॉवर, निगम ने तय की निर्माण एजेंसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- निगम से जल्द जारी होगा वर्कआर्डर

तेलीबांधा चौक के पास नगर निगम 8 मंजिला टेक्नीकल ट्रेड टॉवर सेंटर का निर्माण कराएगा, जो कि को-वर्किंग स्पेस, ऑफिस, होटल और कारोबार के लिए उपयुक्त होगा। इससे रायपुर में आईटी सेक्टर को बढ़ावा मिलेगा। वहीं नगर निगम को इससे अतिरिक्त आमदनी का जरिया मिलेगा। निगम की योजना शाखा ने इसके लिए ऑनलाइन टेंडर कर एजेंसी तय कर दी है। शासन से दर की स्वीकृति मिल गई है, अब निर्माण कार्य के लिए अनुबंधित एजेंसी को जल्द वर्कआर्डर जारी किया जाएगा।



राजधानी में हैदराबाद, मुंबई जैसी मेट्रो सिटीज की तर्ज पर सर्व सुविधायुक्त टेक्नीकल टॉवर का निर्माण किया जाएगा। 40 करोड़ की लागत से तेलीबांधा में कृष्णकुंज के पास 2 एकड़ जमीन पर इसका निर्माण होगा। नगर उत्थान योजना में इस कार्य के लिए शासन ने स्वीकृति दी है। आधुनिक और सर्व सुविधायुक्त ट्रेड टॉवर बनने से जहां प्रदेश के युवाओं के लिए को-वर्किंग स्पेस की सुविधा मिलने लगेगी, वहीं मल्टीनेशनल कंपनियां इस कैंपस में कांफ्रेंस कर अपने प्लान को युवाओं के साथ साझा कर सकेंगी। ट्रेड टॉवर में मल्टीलेवल पार्किंग के लिए अलग से स्पेस सुरक्षित रहेगा। इसके अलावा क्लब हाउस और होटल जैसी सुविधाएं होंगी।

यही जगह रायपुर नगर निगम मल्टीनेशनल कंपनियों को बैठक के लिए उपलब्ध कराएगी। कुल मिलाकर एक ही कैंपस में सारी तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराने की योजना पर काम होगा। पूरा कैंपस सीसीटीवी कैमरे से लैस रहेगा।

#### *जल्द होगा वर्कआर्डर*

*तेलीबांधा चौक के पास बहुमंजिला ट्रेड टॉवर बनाने एजेंसी तय कर ली गई है। निर्माण के लिए जल्द वर्कआर्डर होगा। नगर निगम का यह टेक्नीकल टॉवर होगा, जहां युवाओं के लिए को-वर्किंग स्पेस की सुविधा मिलेगी।*
*- **मीनल चौबे**, महापौर*

### हाड़ कंपाने वाली ठंड से मिली राहत, कुछ हिस्सों में बढ़ सकती ठंड

## पारा 30 के ऊपर, पश्चिमी विक्षोभ कराएगा बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

हाड़ कंपाने वाली ठंड से शहरवासियों को राहत मिलने लगी है। कुछ दिनों बाद ठंड की वापसी की उम्मीद जताई गई है, लेकिन यह पूर्व की तरह अत्यधिक नहीं होगी। रायपुर का तापमान मंगलवार को 30 डिग्री से पार कर 31 डिग्री दर्ज हुआ। यह सामान्य से 2.5 डिग्री अधिक है। न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.4 डिग्री अधिक 15 डिग्री दर्ज किया गया। प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 31.5 डिग्री राजनांदगांव में दर्ज किया गया। सबसे कम न्यूनतम तापमान 11 डिग्री अंबिकापुर में दर्ज


फाइल फोटो

किया गया। यहां अब भी लोगों को कंपकंपाने वाली ठंड का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को छग के अधिकतर क्षेत्रों में मौसम मुख्यतः रहने की संभावना है।

उत्तर छत्तीसगढ़ में सरगुजा संभाग और उससे लगे बिलासपुर संभाग के एक दो जिलों में हल्की वर्षा हो सकती है। एक-दो स्थानों मेघ गर्जन के साथ वज्रपात होने की भी आशंका है। प्रदेश में न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। किन्तु सरगुजा संभाग और उससे लगे जिलों न्यूनतम तापमान में गिरावट 28 और 29 जनवरी को हो सकती है।

#### ऐसी है स्थिति

वर्तमान में पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पाकिस्तान एवं आसपास के क्षेत्रों पर औसत समुद्र तल से 3.1 से 4.5 किमी की ऊंचाई पर एक चक्रवाती परिसंचरण के रूप में स्थित है। मध्य एवं ऊपरी क्षोभमंडल की पछुआ हवाओं में स्थित ऊपरी द्रोणिका का अक्ष औसत समुद्र तल से 5.8 किमी की ऊँचाई पर लगभग देशांतर 67 पूर्व से अक्षांश 22 उत्तर के उत्तर में फैला हुआ है। पूर्वोत्तर भारत में समुद्र तल से 12.6 किमी ऊपर लगभग 135 नॉट की रफ्तार वाली उपोष्णकटिबंधीय पछुआ जेट स्ट्रीम व्याप्त है।

#### *30 जनवरी की रात से प्रभावित करेगा नया विक्षोभ*

*एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पाकिस्तान और उसके आसपास स्थित है। एक फ्रेश पश्चिमी विक्षोभ द्वारा 30 जनवरी की रात से उत्तर पश्चिम भारत को प्रभावित करने की संभावना है। आगामी पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से, उत्तरी छत्तीसगढ़ में 28 जनवरी को एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा के साथ मेघगर्जन होने की संभावना है। उत्तर छत्तीसगढ़ में अगले 24 घंटों में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होने, इसके बाद आगामी 3 दिनों में 1-3 डिग्री की गिरावट होने तत्पश्चात वृद्धि होने की संभावना है। वहीं अगले 4 दिनों में मध्य व दक्षिण छत्तीसगढ़ में न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।*


VISHWABHARTI AUTOMOBILES PVT LTD
Vishwabharti
Automobiles Pvt. Ltd.
अब गाड़ी लेना हुआ और भी आसान
RADA Auto Expo में
Vishwabharti Automobiles
की ओर से पाएं
50% RTO OFF
का खास ऑफर
GST RATE CUT BENEFITS
MARUTI PRICE REDUCTION
RADA AUTO EXPO
MARUTI SUZUKI ARENA
MARUTI SUZUKI
NEXA
ARENA Vidhan Sabha Road, Mowa, Raipur (C.G.)
Mob. 6262620000
NEXA Vidhan Sabha Road, Saddu Raipur (C.G.)
Mob. 6262620001
HURRY UP !
LIMITED STOCK!

# बार-बार होने वाले ट्यूमर से था टांग गंवाने का खतरा, सात घंटे की लंबी सर्जरी से जागी नई उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

घुटने के जोड़ के समीप बार-बार होने वाला ट्यूमर 27 साल की युवती की टांग को अपनी चपेट में लेने लगा था। गंभीर पीड़ा और चलने-फिरने में होने वाली समस्या के समाधान के लिए एम्स के डाक्टरों ने सात घंटे की लंबी सर्जरी की। दूसरे अस्पताल में दो बार नाकाम ऑपरेशन से निराश मरीज के मन में एम्स के सफल ऑपरेशन ने नई उम्मीद जगा दी। एम्स के हड्डी रोग विभाग की ओपीडी में यह मरीज अपनी समस्या लेकर पहुंची थी। उसने डाक्टरों को बताया कि उसके घुटने में होने वाला ट्यूमर बार-बार उभर आता है। इसकी वजह से वह सामान्य तरीके से चल फिर नहीं पाती और दर्द की वजह से अपना सामान्य कामकाज भी नहीं कर पाती। उसने डाक्टरों को बताया था कि इस बीमारी के इलाज के लिए वह दूसरे अस्पताल गई थी, जहां दो बार ऑपरेशन के जरिए इस ट्यूमर को हटाया गया, मगर कुछ दिन बाद वह पुनः उभर आया। डाक्टरों ने संस्थान स्तर पर कराई जांच के बाद यह पाया कि उसे टिबिया की जायंट सेल ट्यूमर (जीसीटी) नामक बीमारी है और इसका स्थायी समाधान नहीं किया गया, तो मरीज की टांग काटना पड़ सकता है। ट्यूमर आसपास के हिस्से को भी प्रभावित कर चुका है। गंभीरता को ध्यान में रखते हुए एम्स प्रबंधन ने हड्डी रोग, प्लास्टिक सर्जरी विभाग के डाक्टरों की टीम बनाई। इसके बाद मरीज की सात घंटे की लंबी सर्जरी कर ट्यूमर का स्थायी समाधान किया। लंबे समय तक उसे चिकित्सकों की निगरानी में रखने के बाद अस्पताल से छुट्टी से दी गई। डाक्टरों का दावा है कि अगले दो महीने में स्वतंत्र रूप से अपना कामकाज करने में सफल हो जाएगी।

### दूसरे पैर के फिबुला बोन ग्राफ्ट का उपयोग




ऑर्थोपेडिक्स विभाग के डॉ. बिक्रम कर और उनकी टीम ने ट्यूमर को निकाला जिससे घुटने में लगभग 18 सेमी का अस्थि अंतराल बन गया। इसके तुरंत बाद, प्लास्टिक सर्जरी विभाग डॉ. जितेन मिश्रा के नेतृत्व में टीम ने विपरीत पैर से ली गई वेस्कुलराइज्ड फिबुला बोन ग्राफ्ट का उपयोग करते हुए माइक्रो वेस्कुलर तकनीक से उस हिस्से का पुनर्निर्माण किया। पूरी सर्जरी एनेस्थीसिया टीम, डॉ. सरिता रामचंदानी के नेतृत्व में की गई। डाक्टरों के मुताबिक सर्जरी काफी चुनौती पूर्ण थी, क्योंकि जरा सी चूक भी रक्त संचार को बाधित कर सकती थी, जिससे पुनर्निर्मित अस्थि और पूरा अंग दोनों खतरे में पड़ सकते थे।

घर बैठे मुनाफा का झांसा

# 24 लाख ठगने वाले तीन अंतर्राज्यीय ठग गिरफ्तार

## देश के 14 थानों में दर्ज है मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



घर बैठे काम कर लाखों रुपए का मुनाफा कमाने का झांसा देकर देशभर में ठगी करने वाले तीन ठगों को रायपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। महाराष्ट्र और राजस्थान से संबंधित तीनों आरोपियों के खिलाफ ठगी के 14 मामले विभिन्न राज्यों में दर्ज है। बदमाशों ने नवा रायपुर में रहने वाले एक व्यक्ति से 24 लाख रुपए की ठगी की थी। तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

राखी थाने में पारस कुमार धीवर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि कतिपय लोगों ने घर से ऑनलाइन कामकर लाखों रुपए का झांसा देकर उससे विभिन्न किश्तों में 24 लाख रुपए की ठगी की है। इस रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने आरोपियों की तलाश ऑपरेशन साइबर शील्ड के तहत शुरू की। इस दौरान आरोपियों की पहचान के लिए बैंक खातों में हुए ट्रांजेक्शन, मोबाइल नंबर सहित अन्य तकनीकी बिंदुओं को अपनी साक्ष्य का हिस्सा बनाया। ऑपरेशन साइबर शील्ड के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए बैंक खातों, मोबाइल नंबरों एवं टेलीग्राम से प्राप्त तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया गया। विश्लेषण से प्राप्त तथ्यों के आधार पर प्रकरण में संलिप्त मुख्य आरोपियों की पहचान की गई। आरोपियों की गिरफ्तारी हो पुलिस की अलग अलग टीम बनाकर महाराष्ट्र, राजस्थान भेजी गई थी जहां रेड कार्यवाही कर 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के खिलाफ धारा 318(4), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। पकड़े गए आरोपियों में 41 वर्ष का सुमित श्रीनिवास राठी और 31 साल का रोहित बबन कौलगे सांगली महाराष्ट्र के रहने वाले हैं वहीं 21 वर्षीय आरोपी उत्पल पंचारिया जोधपुर राजस्थान का रहने वाला है।पूछताछ में पता चला है कि आरोपी तरह की साइबर ठगी के शातिर है और लोगों को वर्क फ्रॉम होम के साथ अन्य तरह के लुभावने झांसे देकर अपनी जाल में फंसाते हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ ही नहीं अन्य राज्यों में भी लोगों को इस तरह अपना शिकार बनाया है।

**खबर संक्षेप**

### सड़क पर जन्मदिन मनाने का वीडियो वायरल

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में सोशल मीडिया पर लगातार बर्थडे सेलिब्रेशन के दौरान टिकरापारा थाना क्षेत्र के सिद्धार्थ चौक का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जहां एक युवक ने अपने जन्मदिन के मौके पर सड़क पर वाहन रोककर केक कटिंग किया। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि सड़क पर वाहन रोककर युवक और उसके साथी लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हैं, जिससे अन्य राहगीरों और वाहनों के लिए गंभीर खतरा पैदा हो जाता है।

कहीं पाइप लाइन पुरानी तो कहीं लाइन लॉस से दिक्कत

# आधा दर्जन से ज्यादा इलाकों में पानी के लो प्रेशर की समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम के जोन 4 कमिश्नरी क्षेत्र के आधा दर्जन से भी ज्यादा इलाकों में लोगों के घरों में लगाए गए नलों से पानी का प्रेशर बहुत कम आ रहा है। इससे रहवासी परेशान हैं।

कम प्रेशर आने वाले इलाकों की पहचान कर समस्या दूर की जाएगी। इसके लिए पुराने पाइप लाइन को बदलने और जर्जर हुए पाइप लाइन की जगह नए पाइप लाइन बिछाने का प्रस्ताव है। दरअसल, गर्मी के मौसम में शहर में पेयजल की समस्या लोगों के समझ में आती है, पर ठंड के मौसम में पेयजल की किल्लत होना समझ से परे हैं। महापौर मीनल चौबे द्वारा नवगठित जल बोर्ड इस समस्या के ठोस समाधान में जुटा हुआ है।



जल बोर्ड के अधिकारियों का कहना है कि वे इस बात का पता लगाएंगे कि किन-किन क्षेत्रों में पानी रूक रहा है, वाटर लॉस की स्थिति कहां-कहां पर है, फिल्टर प्लांट से भरपूर पानी की आपूर्ति होने के बाद भी पानी की कमी क्यों हो रही है? जल वितरण के प्रबंधन को लेकर जल बोर्ड की टीम अगले सप्ताह से टीम एक्शन मोड में नजर आएगी।

### इन इलाकों में परेशानी

- न्यू पंचशील नगर
- कटोरातालाब सूर्या अपार्टमेंट इलाका, मीनाक्षी ब्यूटी पार्लर के पास वाला क्षेत्र
- ब्राम्हणपारा वार्ड के सोहागा मंदिर के पीछे वाला क्षेत्र , कंकाली तालाब के पास रामजानकी मंदिर वाला इलाका, ढीमरपारा, पटवापारा
- महिला थाना के पास का क्षेत्र
- पुराना शांतिनगर क्षेत्र

## गणतंत्र दिवस पर रेलवे स्टेशन पर चला जांच अभियान, डॉग स्क्वाड ने यात्रियों का सामान किया चेक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गणतंत्र दिवस पर सुरक्षा के मद्देनजर रेलवे का अमला अलर्ट मोड में रहा। रेल सुरक्षा बल और जीआरपी ने रेलवे स्टेशन से लेकर ट्रेनों में सुरक्षा व गश्त बढ़ा दी है। स्टेशन के सभी प्लेटफार्म पर जवानों की तैनाती की गई, साथ ही विभिन्न कार्यालयों, यात्री प्रतीक्षालयों में भी सघन जांच अभियान चलाया गया। आरपीएफ प्रभारी कर्मपाल सिंह गुर्जर ने बताया कि स्टेशन पर बम डिस्पोजल स्क्वाड और डॉग स्क्वाड को भी तैनात किया गया, ताकि कोई असामाजिक तत्व या संदिग्ध वस्तु प्लेटफार्म और ट्रेनों तक न पहुंच सके। रात के समय ट्रेनों में विशेष जांच की जा रही है। बीते दिनों से आरपीएफ के जवानों द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। स्टेशन के मुख्य द्वार पर मेटल डिटेक्टर से हर आने-जाने वाले यात्री का सामान चेक किया गया।

**यात्रियों के बैग की ली तलाशी :** स्टेशन पर संदिग्ध दिखने वाले यात्रियों के बैग तक की तलाशी ली गई। जवानों ने रायपुर से गुजरने वाली सभी ट्रेनों में जांच की। जांच अभियान के लिए टीमों का गठन किया गया। ये टीमें रेलवे स्टेशन से लेकर रेलवे ट्रेक तक की निगरानी में जुटी हुई हैं। इसके अलावा यात्रियों को हिदायत दी जा रही है कि वे यात्रा के दौरान सावधान रहें, अनजान यात्रियों से खाने-पीने का सामान न लें, संदिग्ध सामान की जानकारी तुरंत रेलवे या आरपीएफ, जीआरपी को दें। इस दौरान रेलवे स्टेशन परिसर के पार्किंग क्षेत्रों में गाड़ियों को जांच के साथ व्यवस्थित भी किया गया।

## खुले नालों और अव्यवस्थित सड़कों को लेकर एक्सप्रेस हाईवे पर कांग्रेस का प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने राजधानी के एक्सप्रेस हाईवे पर धरना प्रदर्शन कर खुले नालों, अव्यवस्थित सड़कों और प्रशासनिक लापरवाही के खिलाफ जोरदार विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने शहर में खुले नालों के कारण लगातार हो रहे हादसों पर चिंता जताई और पीडब्ल्यूडी व नगर निगम की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए। धरना प्रदर्शन का नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन ने किया। इस दौरान पूर्व महापौर प्रमोद दुबे, पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा, कांग्रेस नेता पंकज शर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन ने कहा, सरकार आज जागरूक नहीं है। उन्हें जगाने के लिए हमें सड़कों पर उतरना पड़ा है। शहर की सड़कों, चौराहों और गड्ढों की हालत बदतर है। जहां-जहां गड्ढे हैं, वहां संबंधित विधायक का नाम लगाएंगे, ताकि जनता को पता चले कि उनके क्षेत्र की दुर्दशा के लिए कौन जिम्मेदार है। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही खुले नालों को ढकने और सड़कों की मरम्मत का कार्य शुरू नहीं हुआ, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

**निधन**

### उर्मिला वर्मा



**रायपुर।** शुक्रवारी बाजार गुढ़ियारी निवासी उर्मिला वर्मा का 26 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार कोटा मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. पुनाराम वर्मा की पत्नी और दिनेश वर्मा, राजेश वर्मा, संजय वर्मा की माता थीं।



**खबर संक्षेप**

### टीएस सिंहदेव ने छात्रों को सराहा, रंगारंग प्रस्तुतियों से सजा मंदिर हसौद

**मंदिर हसौद।** राजधानी रायपुर के पास स्थित सेंट्रल कॉलेज ऑफ एजुकेशन एवं आरपीएस स्कूल, मंदिर हसौद में 24 जनवरी को संयुक्त रूप से वार्षिकोत्सव प्रेरणा 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व उपमुख्यमंत्री श्रीटीएस सिंहदेव जी एवं विशेष अतिथि सत्यनारायण शर्मा जी थे। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के संचालक श्री प्रवीण चंद्राकर, भावना चंद्राकर, प्राचार्या डॉ. श्वेशाली गवारले, समस्त प्राध्यापकगण और समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों के उपस्थिति में दीप प्रज्वलन के उपरांत सरस्वती वंदना से हुई। इस सांस्कृतिक संध्या में छात्र-छात्राओ ने अपनी प्रतिभा, रंगारंग नृत्य और नाट्य कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि ने छात्रों के प्रयासों की सराहना की और उन्हें अपने जुनून को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

### बिरोदा में मड़ई मेला 31 को

**अभनपुर।** ग्राम बिरोदा में भव्य मड़ाई मेला का आयोजन 31 जनवरी शनिवार को होगा। पूर्व सरपंच वासुदेव साहू ने बताया कि मेले मे बच्चो के मनोरंजन के साधन तथा ग्रामीण हाट की दुकाने आकर्षण रहेगी वहीं रात्रिकालिन कार्यक्रम कारी बदरिया लोक कला मंच मोखा (बालोद) की विशेष प्रस्तुति होगी।

**प्रदर्शन : खरीदी केंद्र में मची अफरा-तफरी, कांग्रेस नेताओं ने भी दिया समर्थन**

# धान बेचने टोकन नहीं मिलने से किसानों का फूटा गुस्सा, खरीदी केंद्र के सामने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा







तिल्दा नेवरा में धान खरीदी व्यवस्था को लेकर किसान का गुस्सा फूट पड़ा। टोकन के लिए बार बार चक्कर काटने व अधिकारियो से शिकायत करने के बाद भी जब धान बिक्री के लिए टोकन जारी नहीं किया गया तो किसान नाराज हो गया और अपने बेटो के साथ धान खरीदी केंद्र के गेट पर धरना देकर बैठ गया.गेट पर बैठने से धान लेकर आए अन्य किसानो की गाडियों की लंबी लाइन लग गई बाद में धान खरीदने का आश्वासन देकर किसान व उनके बेटो को धरना स्थल से हत्या गया, तब जाकर दुसरे किसानो के धान से भरी गाडियों को अंदर कर उनके धान की तौलाई शुरू की गई। पूरा मामला तिल्दा के छ्तौद धान खरीदी केंद्र का है

जानकारी के मुताबिक छ्तौद निवासी रघुनंदन वर्मा किसान ने बताया कि उसको पहले टोकन मिला था उसके एवज में वह अपना धान सोसाइटी में बेच चुका है। जब वह दूसरे टोकन के लिए पहुंचा तो उसे निर्धारित मात्रा से 63 क्विंटल कम का टोकन दिया गया। बचत धान का तीसरा टोकन कटाने किसान से की गई। उसके बाद वह लगातार समिति का चक्कर काटता रहा लेकिन बचत वाला टोकन उसे नहीं मिला। टोकन नहीं मिलने की शिकायत उन्होंने तहसीलदार तिल्दा और एसडीएम से भी मिलकर की गई थी लेकिन उनके द्वारा ध्यान नहीं दिया गया।

मंगलवार को रघुनंदन वर्मा सुबह अपने बेटे अमित वर्मा के साथ धान खरीदी केंद्र पहुंचा और गेट पर धरना देकर बैठ गया। उसके साथ गांव के और आठ किसान जो टोकन को लेकर परेशान है, बे भी धरने पर बैठ गए। उधर जब इसकी जानकारी प्रशासन को हुई तो हड़कंप मच गया। किसानों के गेट पर धरना देकर बैठ जाने से अन्य किसान जिनका टोकन कट चुका था वे किसान ट्रैक्टर व अन्य वाहनों में धान लेकर खरीदी केंद्र आए थे लेकिन अंदर नहीं जा पाने के कारण वहां उनके गाड़ियों की लंबी कतार लग गई किसानों के द्वारा धरना दिए जाने की जानकारी मिलने के बाद कांग्रेसी नेता ओम ठाकुर तत्काल मौके पर पहुंच गए।

#### टोकन दिया जाएगा

वहीं कुछ देर के बाद वरिष्ठ कांग्रेस नेता शैलेश नितिन त्रिवेदी भी काफिले के साथ मौके पर पहुंच गए थे और किसानों का समर्थन करते शासन के विरोध में नारेबाजी करने लगे स्थिति बिगड़ती देख तहसीलदार और तिल्दा थाने का स्टाफ लगभग 2 घंटे के बाद मौके पर पहुंचे और नाराज किसानों से चर्चा कर उन्हें समझाने का प्रयास किया। लेकिन किसान नहीं माने हालांकि बाद में किसानों को ठोस आश्वासन दिया गया कि उनको टोकन दिया जाएगा और उनकी नियमा अनुसार धान की खरीदी की जाएगी, तब जाकर किसानों ने अपना धरना प्रदर्शन समाप्त किया।

#### समस्या का करेंगे निराकरण

मौके पर पहुंचे नोडल अधिकारी ने भी स्वीकार किया की कुछ किसानों को टोकन नहीं मिला है उसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को अवगत करा दी है साथ ही खाद्य विभाग को भी इसकी जानकारी दी गई है। उन्होंने कहा कि जल्द ही इसका निराकरण कर लिया जाएगा जबकि धान खरीदी के लिए मात्र दो दिन का समय हि बचा है। किसानों का कहना है कि उनके सभी दस्तावेज, पंजीयन और रिकॉर्ड सही होने के बावजूद शेष धान की बिक्री के लिए दूसरा टोकन नहीं काटा जा रहा है। इससे किसान मानसिक तनाव के साथ-साथ गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं।कांग्रेस नेता शेलेश नितिन ने चेतावनी दी है कि यदि किसानो को टोकन जारी कर धान खरीदी की समस्या का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## 35 किलो गांजा जब्त, महाराष्ट्र के दो तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा



रायपुर पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान /"ऑपरेशन निश्चय/" के तहत दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में बड़ी सफलता हासिल की है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर सतर्क पुलिस टीम ने एक ओर जहां घेराबंदी कर महाराष्ट्र के दो अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों को दबोचा, वहीं दूसरी ओर खरोरा क्षेत्र में अवैध शराब के एक बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। इन दोनों कार्रवाइयों में पुलिस ने करीब 26 लाख रुपये का मशरूका जब्त किया है। रायपुर रेंज आईजी अमरेश मिश्रा के दिशा-निर्देशों पर नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत विधानसभा पुलिस को 25 जनवरी को एक महत्वपूर्ण सूचना प्राप्त हुई। खबर मिली थी कि एक कार में सवार कुछ तस्कर महासमुंद की ओर से भारी मात्रा में गांजा लेकर रायपुर की ओर आ रहे हैं। ये तस्कर महासमुंद पुलिस की नाकाबंदी तोड़कर भागने में सफल रहे थे। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए विधानसभा थाना प्रभारी श्री शिवेंद्र राजपूत के नेतृत्व में आमासिवनी रिंग रोड नंबर 03 स्थित ब्रिज के पास नाकेबंदी की गई। इस दौरान संदिग्ध कार को आता देख जब पुलिस ने उसे रोकने का इशारा किया, तो चालक ने भागने की कोशिश में पुलिस के वाहन को जोरदार टक्कर मार दी। हालांकि, घेराबंदी कर रही टीम ने तत्परता दिखाते हुए वाहन को रोक लिया और उसमें सवार दो आरोपियों राकेश कुमार गुप्ता (52 वर्ष, ठाणे) और अमित सिंह (35 वर्ष, रायगढ़, महाराष्ट्र) को हिरासत में लिया। वाहन की तलाशी लेने पर बोरियों के अंदर रखे पैकेटों से 35 किलो गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने गांजा, कार और मोबाइल फोन समेत कुल 24,70,000 रुपये का सामान जब्त कर आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट और लोक संपत्ति को नुकसान पहुँचाने की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

#### खरोरा पुलिस ने शराब माफिया पर कसा शिकंजा

एक अन्य बड़ी कार्रवाई में थाना खरोरा पुलिस और साइबर क्राइम यूनिट की संयुक्त टीम ने अवैध शराब के कारोबार पर कड़ा प्रहार किया है। पुलिस अधीक्षक श्वेता सिन्हा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में मिली मुखबिर की सूचना पर ग्राम सारागांव ( धरसींवा विधान सभा ) में दबिश दी गई। यहाँ हालेश्वर कुमार साहू और चंद्रशेखर साहू अपने चाचा के बाड़े में अवैध रूप से भारी मात्रा में शराब छिपाकर बेच रहे थे। पुलिस ने मौके से 1008 पौवा (कुल 181.440 लीटर) देशी और अंग्रेजी शराब बरामद की। आरोपियों से पूछताछ में खुलासा हुआ कि अजय धीवर नाम का व्यक्ति अपनी स्कूटी के जरिए शराब की सप्लाई करता था।

## तरपोंगी अंचल में गणतंत्र दिवस की धूम, बच्चों ने निकाली प्रभात फेरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरपोंगी

गणतंत्र दिवस के 77 वां वर्ष गांठ क्षेत्र में उल्लास के साथ मनाया गया। स्कूली बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली। गीत, कविता, भाषण, रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद पुरस्कार व मिष्ठान वितरण किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खैरखूंट में क्षेत्र के जनपद सदस्य देवेंद्र वर्मा ने ध्वज फहराया।

इस अवसर पर सरपंच यशोदा साहू, उप सरपंच कमलेश साहू, डॉ. भूपेंद्र जांगड़े, रेणुका वर्मा, प्रेमलाल साहू सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे, ग्रामीण व पंच गण उपस्थित थे। साथ ही क्षेत्र के ग्राम पंचायत खैरखूंट में सरपंच यशोदा साहू, सोसायटी में रोमलाल साहू, हाई स्कूल में घनश्याम निषाद, सगुनी ग्राम पंचायत में सरपंच रजत कश्यप, तरपोंगी ग्राम पंचायत में देवकी नायक, सोसायटी में डॉ शोभित वर्मा, सड्डू ग्राम पंचायत में सरपंच नंदकुमार साहू, महामाया पारा स्कूल में उप सरपंच टाकेश्वर निर्मलकर, मोहदा ग्राम पंचायत में सरपंच रेखा प्रहलाद, सुंगेरा ग्राम पंचायत में सरपंच तारन दास साहू, सिलपट्टी ग्राम पंचायत में लोकेश वर्मा, भूमिया ग्राम पंचायत में सरपंच मोहित यदु, देवरी ग्राम पंचायत में सरपंच श्रवण वर्मा, सरोरा ग्राम पंचायत उमेश्वरी विश्राम साहू ने ध्वज फहराया। साथ ही क्षेत्र के ग्राम तरपोंगी, सड्डू, सांकरा, भूमिया, बेमता, लखना, सुंगेरा, बलौदीखुर्द, खैरखूंट, सगुनी, मोहदा, गुजरा, सिलपट्टी, भुरसुदा, परसदा, सरोरा, निनवा, किरना, अकोली, देवरी आदि गांव में उल्लास के साथ ध्वज फहराया गया।

## विधायक साहू ने फहराया तिरंगा, नगर से लेकर गांवों तक देशभक्ति का रहा जोश



**अभनपुर।** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर एवं ग्रामीण अंचल में देशभक्ति और उत्साह का वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर विधायक इन्द्रकुमार साहू ने भाजपा मुख्यालय कार्यालय, स्वामी आत्मानंद स्कूल एवं बजरंगदास स्कूल में ध्वजारोहण कर क्षेत्रवासियों को गणतंत्र पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि संविधान हमें समानता, न्याय और स्वतंत्रता का मार्ग दिखाता है, जिसे आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनना हम सभी का कर्तव्य है। नगर क्षेत्र में विभिन्न शासकीय व सामाजिक संस्थानों में भी ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए गए। गोड़पारा हाईस्कूल में भाजपा कार्यालय प्रभारी अशोक बजाज, सद्भावना कुटी में पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू, जनपद पंचायत में अध्यक्षा चंद्रिका बंजारे, नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष उत्रसेन गहिरवारे, एसडीएम कार्यालय में एसडीएम रवि सिंह, ब्लॉक कॉलोनी स्कूल में पालिका उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी, शास्त्री चौक बस स्टैंड में पार्षद रानू राठी व वरिष्ठगजो, सहकारी सोसायटी अभनपुर में प्रेमलाल ढीढी तथा सरस्वती शिशु मंदिर में मोहन अग्रवाल,मिनी माता कन्या आश्रम मे पन्ना लाल नवरंगे,दीनदयाल कालोनी मे फतीस साहू ने तिरंगा फहराकर नगरवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। ग्रामीण अंचल में भी पूरे हर्षोल्लास के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। खोरपा उपतहसील में तहसीलदार सृजन सोनकर,गोतियारडीह मे सरपंच मुकेश ढीढी, आमदी में सरपंच भानुप्रताप साहू, उल्बा में सरपंच नेहरू साहू, खोरपा में सरपंच मीना चम्मन ध्रुव, चंडी में सरपंच राजू ढीमर, भटगांव में सरपंच कमलेश्वरी गुलाब साहू, निमोरा में अरुण साहू, तूता में भरत बैस तथा सिंगारभाठा में जानकी चंद्राकर द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य शासकीय एवं निजी संस्थानों सहित सभी पंचायतों में भी तिरंगा फहराया गया। कार्यक्रमों में बच्चों ने देशभक्ति गीत, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं और संविधान के मूल्यों को अपनाने का संकल्प लिया।



## कराते बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा के विजेताओं को बेल्ट वितरण

**आरंग।** स्थानीय अग्रसेन भवन परिसर स्थित सरस्वती ज्ञान दीप विद्यालय में बेल्ट एग्जाम में उत्तीर्ण प्रतिभागियों को क्रमशः यलो बेल्ट, ऑरेंज बेल्ट, ग्रीन बेल्ट एवं प्रमाणपत्र का वितरण नगर के पार्षद पुष्कर साहू, विद्यालय के संचालक अनुपनाथ योगी एवं मुख्य परीक्षक शिहान रमेश प्रधान के द्वारा किया गया। इस अवसर पर एकेडमी ऑफ स्पोर्ट्स कराते क्लास के मुख्य प्रशिक्षक एवं रायपुर कराते एसोसिएशन के संयुक्त सचिव सेंसई अब्दुल रहीम खान सर उपस्थित थे। सेंसई अब्दुल रहीम खान के मार्गदर्शन में अकैडमी ऑफ स्पोर्ट्स कराते (एएसके) आरंग के सभी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने कराते ग्रेडिंग परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सेंसई रहीम खान सर विगत 8 वर्षों से सरस्वती ज्ञान दीप स्कूल, अग्रसेन भवन आरंग में कराते का प्रशिक्षण दे रहे हैं। कराते आत्मरक्षा, मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य तथा अंतरराष्ट्रीय खेल के रूप में स्थापित है। विभिन्न बेल्ट ग्रेडिंग में निम्न बच्चों ने अपनी सहभागिता दी और सफलता हासिल की। बेल्ट डिस्ट्रीब्यूशन कराते क्लास सरस्वती ज्ञान दीप विद्यालय, अग्रसेन भवन में आयोजित हुआ। सीनियर ग्रीन बेल्टः चिराग चंदानी, परिधि राजपूत, श्लोक पुरी गोस्वामी, अदिति सिंह, पुष्पराज साहू, भव्या अग्रवाल, योज्यता बंजारे। सीनियर ऑरेंज बेल्टः आद्या अग्रवाल, अयांश, पायल शर्मा, एंजेल वर्मा। जूनियर ऑरेंज बेल्टः अपर्णा कश्यप, गरिमा पाल, खनक रात्रे। सीनियर येलो बेल्टः समुद्र राज बंजारे, अलीशा खातून, रेहान अंसारी। जूनियर येलो बेल्टः दीत्या अग्रवाल, प्रतीक्षा ठाकुर, खुशी देवांगन, नील अग्रवाल ने बेल्ट एग्जाम में सफलता हासिल की।

## खिलोरा में शिव महापुराण कथा का समापन, महाभंडारे में उमड़ा जनसैलाब



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

19 जनवरी से ग्राम खिलोरा मे चल रही शिव महापुराण कथा का 27 जनवरी को विधिवत समापन हुआ। कथा के अंतिम दिवस 27 जनवरी को सुबह 11 बजे से विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें पंडित युवराज पाण्डेय द्वारा गीता प्रवचन, महाभारत के चुनिंदा प्रसंगों का वर्णन एवं गीता दान संपन्न हुआ। इसके साथ ही विशाल महाभंडारा तथा गुरु शिक्षा समारोह का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। समापन अवसर पर आयोजक गंगाधर अग्रवाल, श्रीमती पुष्पा देवी अग्रवाल एवं उनके परिवारजनों ने पंडित युवराज पाण्डेय से आशीर्वाद प्राप्त कर उन्हें स्मृति स्वरूप चित्र भेंट किया। पंडित युवराज पाण्डेय ने अपने प्रवचनों के माध्यम से गीता के जीवनोपयोगी संदेशों को सरल शब्दों में प्रस्तुत करते हुए धर्म, कर्म और भक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला। आयोजको के साथ-साथ इस कथा को सफल बनाने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले जिन्होने दिन रात मेहनत कर व्यवस्था को संभाला प्रमुख रूप से भारत पाल, ईश्वर पटेल, शत्रुहन टंडन, संतोष यदु, धमेन्द्र पटेल, गिरीश पटेल, प्रशांत ठाकुर, खेमचंद साहू, विनोद चन्द्राकर, विकास चन्द्राकर, शरद पटेल, सुजीत साहू, हुमलाल धीवर, निखिल यादव, रवि वर्मा, कार्यालय प्रभारी, स्वच्छता टीम, भोजन प्रभारी सहित पूरी टीम द्वारा निरंतर सेवा भाव से कार्य किया गया जिसके वजह से कार्यक्रम सफल हुआ। आयोजक गंगाधर अग्रवाल व उनके परिवार ने सभी सहयोगियो एवं सेवा करने वालों का सम्मान कर आभार व्यक्त किया।

## गणतंत्र दिवस पर महिला किसानों को नई सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर ग्राम कुम्हारी स्थित अन्नकूट महिला फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के कार्यालय में देशभक्ति और उत्साह से ओतप्रोत वातावरण में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान ध्वजारोहण कार्यक्रम के साथ-साथ एनपीएम शॉप एग्री वन स्टॉप सेंटर का उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम में जनपद पंचायत सीईओ अभिषेक बनर्जी ने ध्वजारोहण कर आयोजन की गरिमा बढ़ाई।



राष्ट्रगान के पश्चात उपस्थित जनसमुदाय ने गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ दीं। अन्नकूट महिला फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी भारत सरकार की महत्वाकांक्षी 10,000 एफपीओ परियोजना के अंतर्गत गठित एक महिला आधारित एफपीओ है, जो वर्ष 2024 से ब्लॉक स्तर पर संचालित हो रही है। कंपनी में क्षेत्र की महिला किसानों की सक्रिय एवं निर्णायक भागीदारी है। कार्यक्रम के दौरान एनपीएम शॉप एग्री वन स्टॉप सेंटर का शुभारंभ किया गया, जहाँ किसानों को एक ही स्थान पर कृषि से जुड़ी आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। इनमें प्रमुख रूप से कम कीमत पर बीज, उर्वरक एवं कीटनाशक उपलब्ध कराना, आधुनिक कृषि उपकरण, ड्रोन एवं नवीन तकनीकों को किसानों तक पहुँचाना तथा किसानों की आय में वृद्धि कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना शामिल है। इस अवसर पर जनपद पंचायत आरंग के सीईओ अभिषेक बनर्जी ने एनपीएम शॉप को ब्लॉक के समस्त किसानों को समर्पित करते हुए कहा कि यह पहल आने वाले समय में किसानों के लिए मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने अन्नकूट महिला एफपीओ के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए पूरी टीम को इस सराहनीय प्रयास के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में विशेष रूप से एडिशनल सीईओ मारुति राव, बीपीएम नीलकमल कश्यप, नोडल अधिकारी किरण कंवर, कंपनी सीईओ हर्षवर्धन गुरु गोस्वामी, कंपनी के समस्त डायरेक्टर्स, ग्राम कुम्हारी के सरपंच मोतीलाल जगतपाल एवं सभी पंचगण उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान महिला किसानों सहित क्षेत्र के अन्य कृषकों में खासा उत्साह देखने को मिला। सभी ने इस पहल को किसान हित में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम बताते हुए मुक्त कंठ से प्रशंसा की। समारोह के अंत में उपस्थित अतिथियों को स्मृति चिन्ह स्वरूप नारियल एवं राजकीय गमछा भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं ग्राम पंचायत की ओर से जनपद सीईओ एवं एडिशनल सीईओ को विशेष मोमेंटो प्रदान किया गया।

**गांव-गली में गूंजा जन-गण-मन**

## गणतंत्र के उत्सव से महका अंचल, शान से लहराया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा



भारतीय लोकतंत्र के महापर्व गणतंत्र दिवस पर धरसींवा अंचल पूरी तरह राष्ट्रभक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। समूचे क्षेत्र में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा पूरी आन-बान और शान के साथ लहराया गया। सुबह की पहली किरण के साथ ही अंचल के आकाश में 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के गगनभेदी उद्घोष होने लगे, जिसने हर नागरिक के हृदय में देशप्रेम की ज्वाला प्रज्वलित कर दी। शासकीय संस्थानों से लेकर निजी प्रतिष्ठानों तक, हर तरफ उत्सव का माहौल रहा और लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर गणतंत्र की बधाई दी। लोकतंत्र के इस उत्सव में ग्राम पंचायतों की भागीदारी सबसे अहम रही। ग्राम पंचायत धरसींवा में साहिल खान ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी, जहां उपस्थित ग्रामीणों ने राष्ट्रगान गाकर तिरंगे का मान बढ़ाया। इसी तरह ग्राम पंचायत कुरूद-सिलयारी में सरपंच रूखमणी साहू ने ध्वज फहराया। कुरूद-सिलयारी में राष्ट्रीय पर्व का उत्साह इस कदर था कि यहां विभिन्न मोहल्लों और प्रमुख चौराहों पर भी तिरंगा लहराता दिखा। ग्राम पंचायत चरौदा में सरपंच संगीता पप्पू ध्रुव ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर उपस्थित जनसमूह को संविधान की रक्षा और गांव के विकास का संकल्प दिलाया।

#### संस्कृतिक कार्यक्रम ने मन मोहा

इस राष्ट्रीय पर्व का सबसे आकर्षक केंद्र दाऊ पोषण लाल शासकीय स्कूल रहा, जहाँ आयोजित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने तिरंगे के तीन रंगों वाले परिधानों में देशभक्ति गीतों पर ऐसी प्रस्तुति दी कि पूरा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए वीर शहीदों के शौर्य पर आधारित नाटकों ने उपस्थित लोगों की आँखों में गर्व के आंसू ला दिए। अंचल के सभी शासकीय और अर्धशासकीय कार्यालयों में भी तिरंगा पूरी गरिमा के साथ लहराया गया, जो भारत की एकता और अखंडता का प्रतीक बनकर हवा में लहराता रहा। शाम ढलने तक पूरे धरसींवा अंचल में देशभक्ति के गीतों की स्वर लहरियां गूंजती रहीं, जो हर मन को राष्ट्र के प्रति समर्पण के लिए प्रेरित कर रही थीं।

#### गणतंत्र दिवस की रही धूम

शिक्षा के केंद्रों में भी गणतंत्र की गूंज प्रमुखता से सुनाई दी। स्थानीय हाई स्कूल में अध्यक्ष हेमंत वर्मा ने ध्वजारोहण संपन्न किया। निजी शिक्षण संस्थानों में भी राष्ट्रीय भावना का ज्वार देखा गया, जहाँ रेडियंट पब्लिक स्कूल में संचालक बलदाऊ साहू और शिवांश इंटरनेशनल अंग्रेजी स्कूल में सुश्री हिमांशी शर्मा ने तिरंगा फहराकर बच्चों को देश के गौरवशाली इतिहास से रूबरू कराया। नगर पंचायत के वार्ड पार्षद ढालेंद्र वर्मा ने भी अपने वार्ड में ध्वजारोहण कर नागरिकों के साथ खुशियां बांटी। सहकारिता के क्षेत्र में अग्रणी कृषक सेवा सहकारी समिति धरसींवा में अध्यक्ष कौशल साहू ने तिरंगा फहराते हुए क्षेत्र की समृद्धि और अखंडता की कामना की।

श्रद्धांजलि (दशगात्र)



जन्मतिथि
01.01.1974

स्वर्गवास
19.01.2026

स्व. ओमप्रकाश साहू
01.01.1974 - 19.01.2026
अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे सुपुत्र
श्री ओमप्रकाश साहू
का स्वर्गवास दिनांक 19.01.2026 (सोमवार) को हो गया।
श्रद्धांजलि (दशगात्र) कार्यक्रम
दिनांक 28.01.2026 (बुधवार) को आयोजित किया गया है।
कार्यक्रम स्थल : ग्राम-कुरूद (कुटेला)
आपकी उपस्थिति से दिवंगत आत्मा को शांति
तथा शोकाकुल परिवार को संबल प्राप्त होगा।
स्वर्गीय ओमप्रकाश साहू स्वर्गीय मंशा राम साहू के ज्येष्ठ पुत्र थे।
उनके छोटे भाई डॉ. परसराम साहू पुरूषोत्तम साहू एवं डॉ. कुलेश्वर साहू है।
विनीत - डॉ. परसराम साहू
अध्यक्ष - साहू समाज, समोदा महानदी परिक्षेत्र
एवं पूर्व सरपंच, ग्राम पंचायत कुरूद (कुटेला)













# गणतंत्र दिवस परेड में दिखा सेना का शौर्य, झांकी और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में झलके देशभक्ति के विविध रंग

## गणतंत्र दिवस पर पुलिस परेड ग्राउंड में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया पर्व

**रायपुर। 26 जनवरी के दिन पुलिस परेड ग्राउंड पर गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह की शुरुआत में सुबह 9 बजे राज्यपाल रमेन डेका ने तिरंगा फहराया और सलामी के बाद सेना के जवानों ने हर्ष फायर और मार्चपास्ट में अपने शौर्य का प्रदर्शन किया। वहीं स्कूली बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में देशभक्ति की विविध रंगों और माटी की सोंधी खुशबू ने पुलिस परेड ग्राउंड की फिजां को उल्लास से सराबोर कर दिया।**



छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ मर्यादित देवभोग के मुख्यालय एवं मुख्य डेयरी संयंत्र, ग्राम उरला बीएमवाय चरोदा जिला दुर्ग में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर महासंघ के प्रबंध संचालक डॉ. सैकत समंता ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होंने देशवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं।



रोटरी क्लब ऑफ रायपुर कॉस्मोपॉलिटन द्वारा गणतंत्र दिवस का आयोजन सामाजिक सरोकारों के साथ क्लब द्वारा गोद लिए गए चार हैप्पी स्कूलों डूमरतालाब, सेजबहार, आमासिवनी एवं फुंडहर चौक पर किया गया। कार्यक्रम क्लब अध्यक्ष रोटेरियन मनोज अग्रवाल एवं सचिव रोटेरियन अमित गोयल के नेतृत्व में संपन्न हुआ।



शिवोम विद्यापीठ सांकरा स्कूल में गणतंत्र दिवस का पर्व अत्यंत हर्षोल्लास, गरिमा एवं राष्ट्रभक्ति के वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने पुलिस ग्राउंड में आयोजित संभाग स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।



गणतंत्र दिवस के मुबारक मौके पर औलिया चौक में शहर सीरतुन्नबी कमेटी के सदर जनाब मुहम्मद सोहेल सेठी और मुस्लिम वेल फेयर कमेटी के सदर जनाब सिराज खान ने तिरंगा फहरा कर गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया।



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल में सेक्रसा ग्राउंड, डब्ल्यूआरएस कॉलोनी में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक दयानंद ने वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त रमन कुमार की अगवाई में तिरंगा फहराया। इस अवसर पर अध्यक्षा सेक्रो शिखा सिंह, अपर मंडल रेल प्रबंधक बजरंग अग्रवाल सहित सेक्रो की पदाधिकारी उपस्थित रहे।



स्वामी जन सेवा समिति माना कैंप द्वारा शरणार्थी कैंप में ध्वज फहराने का कार्यक्रम रखा गया, जिसमें शरणार्थी कैंप में निवासरत, माताओं के साथ तिरंगा फहराया गया। इस दौरान श्यामा प्रसाद चक्रवर्ती, संजय यादव, के. ऐबु, नरेश पिल्ले, सौरभ आहूजा, साधु हालदार, सुभाष साहा, समिति के सदस्य, नागरिक उपस्थित थे।



एमएसबी एजुकेशन इंस्टीट्यूट में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर वक्फ बोर्ड अध्यक्ष सलीम राज ने तिरंगा फहराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर ने की। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन, गणमान्य नागरिक, अभिभावक एवं छात्र उपस्थित रहे।



महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज समता कॉलोनी में 77 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी रहे। उन्होंने समारोह में तिरंगा फहराकर गणतंत्र दिवस की देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। समारोह में विशिष्ट अतिथि कर्नल रविश छाजेड़, कॉलेज के चेयरमैन रमेश अग्रवाल, पूर्व चेयरमैन राजेश अग्रवाल, सचिव सरिता अग्रवाल एवं समाज के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



श्री बालाजी दिशा कॉलेज रामनगर कोटा में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि श्रीबालाजी ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल, कॉलेज एंड दिशा एजुकेशन सोसाइटी के चेयरमैन डॉ. देवेंद्र नायक एवं डॉ. नीता नायक मैनेजिंग डायरेक्टर, डॉ. पुष्पेंद्र नायक डायरेक्टर, भोजराज पटेल डायरेक्टर, सीए नितिन पटेल, डॉ. बीरेंद्र पटेल एवं प्राचार्य डॉ. एके तिवारी उपस्थित रहे।




गणतंत्र दिवस के अवसर पर पूज्य छग सिंधी महापंचायत महिला टीम की अध्यक्ष भावना कुकरेजा, कार्यकारी अध्यक्ष राशि बलवानी ने महिला टीम को सिटी सेंटर मॉल पंडरी में 26 जनवरी को देशभक्ति से प्रेरित फिल्म बार्डर-2 दिखाई। इस अवसर पर समिति के प्रवक्ता दिनेश आनंद अठवानी, श्रीचंद सुंदरानी, अमर गिदवानी के अलावा बार्डर-2 देखने आई महिला टीम डिंपल शर्मा, कशिश खेमानी, कुसुम आहूजा, सोनिया नान्यानी आदि उपस्थित रहे।



छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड कार्यालय, पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर अफरोज बेगम, विषय विशेषज्ञ एवं रजिस्ट्रार ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। समारोह में राष्ट्रगान और वंदेमातरम का सामूहिक गान किया गया। इस अवसर पर प्रेमप्रकाश द्विवेदी, सचिव मदरसा बोर्ड, डॉ. शबा परवीन, फरजाना, अशरफ अहमद, सुखनवर हुसैन, अकरम बेग, प्रदीप बघेल, शाहनवाज खान सहित सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।




गणतंत्र दिवस पर पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय एवं बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मृति चिकित्सालय में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन द्वारा तिरंगा फहराकर राष्ट्रगान गायन के साथ समारोह संपन्न किया गया। इस अवसर पर डीन डॉ. विवेक चौधरी और अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर, मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन की अध्यक्ष डॉ. देवप्रिया लकड़ा, डॉ. स्निग्धा जैन और डॉ. आकाश लालवानी उपस्थित रहे।



26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर मदरलैण्ड इंग्लिश मीडियम स्कूल, नागेश्वर नगर, निमोरा रोड, सांकरा में भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य शशि यादव के साथ शिक्षक लाल बहादुर सिंह, पुष्पा एवं सुमन विद्यालय के संस्थापक रंजय सिंह शामिल हुए।



आकांक्षा इंस्टीट्यूट ऑफ लर्निंग एंड एम्पावरमेंट धरसींवा में गणतंत्र दिवस देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वज फहराने से हुई, इसके बाद सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुईं, जिनमें एकता, स्वतंत्रता और राष्ट्रीय अखंडता के मूल्यों को दर्शाया गया।



विनायक विहार, डीडीनगर में तिरंगा फहराकर हर्षोल्लास से गणतंत्र दिवस मनाया गया। यह आयोजन रिटायर्ड प्रोफेसर चैन सिंह चौधरी द्वारा संपन्न किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न गणमान्य नागरिक और अधिकारी उपस्थित रहे। इसमें विजय पांडे, रिटायर्ड जोन कमिश्नर, प्रोफेसर विशाल जैन, अजय शंकर अग्रवाल, जीत सिंह और पवन सिंह ठाकुर भी शामिल हुए।



छग प्रदेश स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संस्था के उत्तराधिकारियों की उपस्थिति में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पं. जवाहरलाल नेहरू एवं भवन में स्थापित स्व. स्व.कमलनारायण शर्मा की प्रतिमा तथा सभी सेनानियों के छायाचित्र पर सभी ने पुष्पांजलि अर्पित की। संस्था की संरक्षक एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. शर्माजी की ज्येष्ठ सुपुत्री सविता पाठक ने ध्वज फहराया और राष्ट्रगान किया गया।



एम्स में गणतंत्र दिवस समारोह मेडिकल कॉलेज परिसर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर एम्स रायपुर के कार्यपालक निदेशक एवं सीईओ लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल (सेवानिवृत्त) ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया।




बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर वेलफेयर संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों और आसपास के नागरिकों ने हर्षोउल्लास के साथ दाऊजी काम्प्लेक्स बोरियाखुर्द रायपुर में गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वज फहराया। इसके बाद मिठाई वितरण किया गया। इस अवसर पर संघ अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू आदि शामिल रहे।



मुकुट नगर उद्यान में नगरवासियों ने 77वां गणतंत्र दिवस बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष पाण्डेय ने तिरंगा फहराया। समारोह के दौरान सुमेधा, सानिया और विपुल ठाकुर ने देशभक्ति से ओतप्रोत कविताओं का पाठ किया। वहीं सुशील पाण्डेय ने भारतीय संविधान के महत्व और उसके मूल्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन अतुल मिश्रा व सुबोध शर्मा द्वारा किया गया।



भारत माता चौक पर भारत माता समिति द्वारा 26 जनवरी के अवसर पर ध्वज फहराकर लोगों में मिठाई बांटी गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पार्षद संतोष सीमा साहू, पार्षद राजेश गुप्ता, पार्षद प्रदीप वर्मा, पूर्व पार्षद राकेश धोतरे के अलावा राम प्रजापति भाजपा शंकर नगर मण्डल अध्यक्ष एवं गीतांजली नगर के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे।



राजधानी के नातिन धोबिन दाई परिसर बोरियाखुर्द में शहर जिला धोबी समाज ने तिरंगा फहराया। समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने तिरंगे को सलामी दी। इस अवसर पर वरुण निर्मलकर, पूर्व पार्षद उमा चंद्रहास निर्मलकर, रोशन निर्मलकर, अंबे बाघमार, पीसी निर्मलकर, गणेश निर्मलकर, यशोदा निर्मलकर सहित अनेक पदाधिकारी एवं नागरिक शामिल रहे।



जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित जीई रोड रायपुर के प्रधान कार्यालय में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बैंक के अध्यक्ष निरंजन सिन्हा ने तिरंगा फहराया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष अभिनेष कश्यप, मुख्य कार्यपालन अधिकारी अपेक्षा व्यास सहित अन्य उपस्थित रहे।

सिटी लाइव

## फैशन फेस्टिवल बच्चों से लेकर महिलाओं तक ने बिखेरा जलवा



रायपुर। एसएस फाउंडेशन की ओर से राजधानी के होटल बेबीलॉन इंटरनेशनल में फैशन फेस्टिवल के द्वितीय वर्ष भव्य आयोजन किया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में देशभक्ति का रंग देखने को मिला, जहां तिरंगा थीम पर भारतीय सांस्कृतिक परिधान पहनकर पूरे छत्तीसगढ़ से 50 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। हर वर्ष की तरह इस बार भी रेड कार्पेट बिछाया गया, जिस पर प्रदेश के एचीवर और क्राउन होल्डर गर्ल्स और महिलाओं ने कैटवॉक किया। डिजाइनर रनवे में कुल 5 केटेगरी रखी गई थीं। निर्णायक मंडल के फैसले के बाद किड्स केटेगरी में हर्षिता सोना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मिस टीन में गार्गी प्रथम और किंजल द्वितीय रहीं। मिस केटेगरी में इशिता सिंह ने बाजी मारते हुए प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि खुशी दूसरे नंबर पर रहीं। वहीं, मिसेस केटेगरी में जयश्री प्रथम व ललिता द्वितीय रहीं और मिस्टर कैटेगरी में बालकृष्ण ने खिताब जीता। निर्णयकों की भूमिका में बिंदु भाटिया, दीपांशी घोष और प्रियंका खुराना मौजूद थीं।

### सबकुछ अपनी जर्नी से सीख रही हूं

कार्यक्रम में सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में बॉलीवुड एक्ट्रेस मान्या सिंह और बतौर मुख्य अतिथि मोना सेन उपस्थित रहीं। इस दौरान एक्ट्रेस मान्या सिंह ने जीवन के संघर्षों को याद कर कहा कि चुनौती तो हर किसी के जिंदगी में होती है, आपके हो या फिर हमारे। हमारा काम है कर्म करना, अब क्या मिलेगा, ये ऊपर वाले के ऊपर है। मैंने ईमानदारी से मेहनत की है, जमीन से जुड़ी रही हूं। सबकुछ अपनी जर्नी से सीख रही हूं। आयोजक शिखा साहू ने बताया कि फ्रांस के कांस फिल्म फेस्टिवल की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में भी रेड कार्पेट का कांसेप्ट पेश किया जा रहा है। इस आयोजन में बड़ी संख्या में फैशन डिजाइनर, मेकअप आर्टिस्ट और होनहार बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

पढ़ाई के लिए अच्छा वातावरण देने कृषि विवि ने तैयार की अनोखी लाइब्रेरी

# प्रकृति के बीच पेड़ के नीचे बनाई 'ग्रीन लाइब्रेरी' एक साथ पढ़ सकेंगे 100 से अधिक स्टूडेंट्स

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में अब स्टूडेंट्स को पढ़ाई के साथ-साथ प्रकृति के सुकून का भी अहसास होगा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रों के लिए एक अनोखी 'ग्रीन लाइब्रेरी' तैयार की है, जो प्रदेश में अपनी तरह की पहली लाइब्रेरी है। यह लाइब्रेरी पूरी तरह से 'नेचर थीम' पर आधारित है। इसे हरे-भरे पेड़ों के नीचे और चारों तरफ से ग्रीन नेट लगाकर तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य यह है कि स्टूडेंट्स बंद कमरों के बजाय खुली हवा और हरियाली के बीच पढ़ाई कर सकें।



**रायपुर**। विश्वविद्यालय का परिसर पहले से ही पेड़ों और खेतों से घिरा हुआ है, इसलिए इस लाइब्रेरी को प्रकृति के अनुकूल डिजाइन किया गया है। विश्वविद्यालय की डीन डॉ. आरती गाहे ने बताया कि इस ग्रीन लाइब्रेरी में एक साथ 100 से अधिक स्टूडेंट्स पढ़ाई कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इसे भविष्य में और बेहतर तरीके से विकसित करने की योजना है। जल्द ही लाइब्रेरी के फर्श पर प्राकृतिक घास लगाई जाएगी, जिससे गर्मी के दिनों में भी यहाँ ठंडक बनी रहे और छात्रों को पढ़ाई के लिए एक शांत और सुखद वातावरण मिल सके।




### कॉलेज के समय में खुली रहेगी लाइब्रेरी

यह ग्रीन लाइब्रेरी विश्वविद्यालय के सभी विभागों के छात्र-छात्राओं के लिए उपलब्ध है। छात्र कॉलेज के निर्धारित समय के दौरान यहां आकर पढ़ाई कर सकेंगे। इसका उपयोग करने के लिए छात्रों से कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा। यह 'ग्रीन लाइब्रेरी' विश्वविद्यालय के मुख्य 'नेहरू पुस्तकालय' के ठीक पास बनाई गई है। इससे छात्रों को यह सुविधा मिलेगी कि वे मुख्य लाइब्रेरी से अपनी जरूरत की किताबें इश्यू कराकर, यहां शांत वातावरण में बैठकर अध्ययन कर सकें।

### टेबल, बुक स्टैंड और लाइटिंग की पूरी व्यवस्था

इस 'ग्रीन लाइब्रेरी' में छात्रों की सुविधा का पूरा ध्यान रखा गया है। यहां पढ़ाई के लिए टेबल-कुर्सियों के साथ-साथ किताबें रखने के लिए बुक स्टैंड भी उपलब्ध कराए गए हैं। इसके अलावा लाइटिंग की भी पर्याप्त व्यवस्था की गई है, ताकि पढ़ने में कोई असुविधा न हो। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार, आने वाले समय में यहां टेबल और कुर्सियों की संख्या और बढ़ाई जाएगी, ताकि इसे एक पूर्ण और व्यवस्थित लाइब्रेरी का स्वरूप दिया जा सके। वर्तमान में यहां दर्जनों टेबल-कुर्सियां लगाई गई हैं, जहां छात्र समूह में बैठकर चर्चा और पढ़ाई कर सकते हैं।

### छात्रों को भा रही 'नेचर क्लासरूम' की पहल



छात्रों को भी विश्वविद्यालय की यह नई पहल खूब पसंद आ रही है। उनका कहना है कि बंद कमरों वाली लाइब्रेरी की तुलना में, प्रकृति के बीच और खुले वातावरण में पढ़ाई करना उन्हें मानसिक शांति और सुकून देता है, जिससे पढ़ाई में बेहतर मन लगता है। अब विवि में दो लाइब्रेरी हो चुकी हैं। स्टूडेट्स के पास भी विकल्प रहेगा।

## नन्हे बच्चों और युवाओं ने नृत्य, गायन और फैंसी ड्रेस से दिखाई अपनी प्रतिभा

**रायपुर**। श्री गौड़ ब्राह्मण समाज संस्था द्वारा रविवार को समता कॉलोनी स्थित मंगलम भवन में 'वार्षिकोत्सव 2026' का आयोजन किया गया। समारोह में समाज के सैकड़ों परिवारों ने हिस्सा लिया और आपसी एकजुटता का परिचय दिया। संस्था के अध्यक्ष प्रहलाद मिश्रा एवं प्रवक्ता मुल्कराज शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाज के संरक्षक व पूर्व कैबिनेट मंत्री सत्यनारायण शर्मा और पूर्व विधायक विकास उपाध्याय शामिल हुए। अतिथियों ने समाज के प्रयासों की सराहना करते हुए संगठन को और मजबूत बनाने पर जोर दिया। दोपहर 3 बजे से शुरू हुए इस उत्सव में महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें कलश सजाओ, थाली सजाओ, तिरंगा सलाद सजाओ और चित्रकला प्रतियोगिता प्रमुख रहीं। इसके अलावा खेलकूद के अंतर्गत 'लेमन रेस' और 'रस्सा खींच' का दर्शकों ने भरपूर आनंद लिया।



### सांस्कृतिक संध्या और पुरस्कार वितरण

शाम होते ही मंगलम भवन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छटा से सराबोर हो गया। समाज के नन्हे बच्चों और युवाओं ने नृत्य, गायन और फैंसी ड्रेस के जरिए अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथियों एवं पदाधिकारियों ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। अंत में संस्था के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी स्वजनों का आभार व्यक्त किया। उत्सव का समापन भव्य सामूहिक भोज के साथ हुआ।



## साईं झूलेलाल-राजा दाहिरसेन पर लिखे निबंध, बनाए चित्र

**रायपुर**। छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत की ओर से आयोजित साईं झूलेलाल धाम में प्रदेश स्तरीय निबंध, पेंटिंग और चित्रकला प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी, प्रदेश प्रवक्ता सुभाष बजाज, महासचिव बलराम आहूजा व युवा विंग अध्यक्ष विकास रूपरेला ने बताया कि आयोजन में आसपास के सभी क्षेत्रों से बच्चे शामिल हुए। इस दौरान भगवान झूलेलाल, सिंधी राजा दाहिरसेन, अमर शहीद हेमू कालाणी पर प्रतिभागियों ने निबंध लिखे और उनके चित्रों की पेंटिंग बनाई व चित्रकला भी पेश की। सिंध के अंतिम सिंधी हिंदू सम्राट राजा दाहिरसेन की जीवनी को वृत्तचित्र के माध्यम से दिखाया गया। साथ ही सिंधी समाज के इतिहास की सम्पूर्ण जानकारी भी मंच के माध्यम से दी गई। समाज के बच्चों व युवाओं को समाज के इतिहास धर्म व संस्कृति की जानकारी देना व समाजजनों को जोड़ना ही इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य था। आयोजन में मुख्य रूप से महेश दरयानी, अमित चिमनानी, बलराम आहूजा, सुभाष बजाज, तनेश आहूजा, किशोर आहूजा, विकास रूपरेला, अमर चंदनानी, अनिल लाहौरी, मनीष पंजवानी, कैलाश खेमानी, झामन बजाज, विनोद संतवानी, रोशन आहूजा, रतन वल्र्यानी, राजा बजाज, मुकेश थावानी, दीक्षा रामानी, कनक खेमानी, जूही दरयानी, चंचल बजाज, हेमा अमेसर, रवि चरयानी, राजू चंदनानी, चंदन पंजवानी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।



## श्री बालाजी दिशा कॉलेज में आज वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण

**रायपुर**। श्रीबालाजी दिशा कॉलेज रामनगर कोटा में आज वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण का आयोजन किया गया है। यह आयोजन शाम 5 बजे से कॉलेज परिसर में आयोजित होगा। इस आयोजन के मुख्य अतिथि वाइस चांसलर सच्चिदानंद शुक्ल होंगे। वहीं स्पेशल गेस्ट के रूप में चेयरमैन डॉ. देवेंद्र नायक श्री बालाजी ग्रुप ऑफ हास्पिटल्स एंड कॉलेज एंड दिशा एजुकेशन सोसायटी, मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. नीता नायक होंगे। इसके अलावा स्टूडेंट्स सहित ग्रुप के डायरेक्टर डॉ. पुष्पेंद्र नायक, सीए नितिन पटेल, डॉ. बीरेंद्र पटेल एवं डायरेक्टर तेजस नायक शामिल होंगे।

## पहली बार एशिया लेजेंड्स कप में प्रदेश के तीन खिलाड़ियों का चयन

**रायपुर**। एशिया लेजेंड्स कप-2026 का आयोजन चियांगमई और बैंकॉक में किया जा रहा है। इस अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के तीन होनहार खिलाड़ियों का चयन भारतीय लेजेंड्स क्रिकेट टीम के लिए किया गया। यह चयन खिलाड़ियों के लगातार शानदार प्रदर्शन और अनुभव के आधार पर किया गया है। बोर्ड ऑफ वेटरन क्रिकेट इन इंडिया द्वारा घोषित सूची में छत्तीसगढ़ के जतिन सक्सेना, मोहम्मद कलीम खान और चंद्रशेखर खुंटे को भारतीय लेजेंड्स टीम में शामिल किया गया है। बता दें कि जतिन सक्सेना मूलतः बिल्हई के निवासी हैं और वर्तमान में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में एसए मैनेजर के रूप में कार्यरत हैं। क्रिकेट में उनका कॅरियर काफी समृद्ध रहा है। उन्होंने रणजी ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व किया है। तीनों खिलाड़ियों के चयन पर छत्तीसगढ़ बैडमिंटन क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष रॉबिन कुमार और सचिव तरुणेश परिहार ने खुशी जताई। उन्होंने कहा कि एशिया लेजेंड्स कप-2026 में इन खिलाड़ियों के शामिल होने से भारतीय लेजेंड्स टीम को मजबूती मिलेगी और प्रदेश का नाम अंतर्राष्ट्रीय मंच पर और रोशन होगा।



### प्रशासनिक कार्य के साथ क्रिकेट को भी दे रहे समय

मोहम्मद कलीम खान वर्तमान में छत्तीसगढ़ पुलिस में बतौर निरीक्षक पदस्थ हैं। विगत कुछ वर्षों से गेंदबाजी में उनका नाम देशभर में जाना गया। बीवीसीआई के लेजेंड्स लीग, लेजेंड्स नाइंटी और ऑल इंडिया जैसी प्रतियोगिताओं में पूरे भारत में सबसे अधिक विकेट लेकर अपनी श्रेष्ठता साबित की। उन्होंने कुल 22 मैचों में 40 से अधिक विकेट हासिल किए, जो कि टूर्नामेंट में सर्वाधिक रहा। वे छत्तीसगढ़ लेजेंड्स टीम के कप्तान भी रहे और उनकी कप्तानी में टीम ईस्ट जॉन चैंपियन बनी। उनके शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन और गेंदबाजी के आधार पर उनका चयन भारतीय लेजेंड्स टीम में किया गया है। चंद्रशेखर खुंटे वर्तमान में छत्तीसगढ़ फॉरेस्ट विभाग में कार्यरत हैं। क्रिकेट के साथ-साथ नौकरी करते हुए उन्होंने अपनी प्रतिभा को लगातार निखारा है। पिछले वर्ष छत्तीसगढ़ लेजेंड्स लीग में वे सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे और उन्हें प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। ऑल इंडिया और रीजनल स्तर पर भी उन्होंने बेहतरीन ऑलराउंड प्रदर्शन किया। बल्लेबाजी के साथ-साथ गेंदबाजी और फील्डिंग में भी उनका योगदान उल्लेखनीय रहा। इसी निरंतर प्रदर्शन के चलते उनका चयन भारतीय लेजेंड्स क्रिकेट टीम में हुआ है।









## खबर संक्षेप



### जामवाल और किरणदेव ने भाजपा कार्यालय में फहराया तिरंगा

रायपुर। भारतीय गणतंत्र पर्व की 76वीं वर्षगांठ पर राजधानी के कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय व एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल और प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया। श्री देव ने भारत की सांस्कृतिक और सामाजिक विविधता को रेखांकित करते हुए कहा, हमारा देश अनेकता में एकता का जीवंत उदाहरण है। इस दौरान भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ नवीन मार्कंडेय, राम गर्ग, जयंती पटेल, अमित साहू, संजय श्रीवास्तव, केदार नाथ गुप्ता, संदीप शर्मा, राजीव अग्रवाल, लक्ष्मी वर्मा, अशोक बजाज, प्रीतेश गांधी, प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजय शंकर मिश्रा, देवलाल ठाकुर, डॉ. किरण बघेल, उज्जवल दीपक, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### आक्रोशित किसान आज सारागांव में करेंगे चक्काजाम



रायपुर। धान खरीदी 15 नवंबर से शुरू हुई है, तबसे आज तक लगातार किसान कृषि कानूनों, बिजली कटौती या धान खरीदी जैसी विभिन्न समस्याओं के विरोध में मंगलवार को सारागांव खरीदी केंद्र में बैठक कर आंदोलन के लिए सहमति बनी। इसी दौरान नायब तहसीलदार अशोक जंघेल से अपना धान नहीं बिकने एवं टोकन नहीं मिलने की शिकायत की गई। साथ ही उच्चाधिकारियों से संपर्क कर समाधान करने की बात की। समाधान नहीं होने एवं सार्थक पहल नहीं होने पर सभी किसानों ने एक स्वर से आंदोलन कर चक्काजाम करने का लिखित ज्ञापन नायब तसीलदार सारागांव को सौंपा। इस मौके पर किसान नेता उधोराम वर्मा ने कहा कि किसान लगातार समितियों में टोकन कटाने एवं ऑनलाइन कटवाने का प्रयास किए। 20 दिन पूर्व भी नायब तहसीलदार अशोक जंघेल को ज्ञापन सौंपा था, लेकिन इसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ।

## जो कार्यकर्ता और पदाधिकारी काम करेंगे, वही संगठन में रहेंगे

# छग कांग्रेस की नई कार्यकारिणी का ऐलान 31 मार्च तक, नए चेहरे होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दिल्ली में आयोजित कांग्रेस की अहम बैठक में शामिल होकर लौटे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने संगठन को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा, प्रदेश कांग्रेस की नई कार्यकारिणी का गठन 31 मार्च तक हर हाल में किया जाएगा।

- दीपक बैज ने कहा- कई पुराने नेताओं की होगी छुट्टी

उन्होंने स्पष्ट किया कि नई कार्यकारिणी में करीब 50 प्रतिशत नए चेहरे शामिल होंगे। जो कार्यकर्ता और पदाधिकारी काम करेंगे, वही संगठन में रहेंगे, जो काम नहीं करेगा उसे बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा। उन्होंने बताया कि



दिल्ली में कांग्रेस संगठन महामंत्री केसी वेणुगोपाल ने 13 राज्यों के प्रदेश अध्यक्षों और प्रभारियों के साथ विस्तृत बैठक ली। बैठक में संगठन सृजन, नियुक्तियों, जिला कांग्रेस अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष और उनकी कार्यकारिणी को लेकर चर्चा की गई।

### 31 मार्च तक बदलेगी पूरी तस्वीर

साथ ही बैठक में मनरेगा बचाओ संग्राम और एसआईआर को लेकर भी विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। दीपक बैज ने आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ में एसआईआर के नाम पर 400 से 500 फॉर्म बीजेपी नेताओं द्वारा जमा किए गए हैं। बैठक में यह मुद्दा भी उठा कि एसआईआर के दौरान विशेष वर्ग के लोगों के नाम काटे जाने की कोशिश की जा रही है, जिस पर गंभीर चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि नई प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी के गठन के लिए समय-सीमा तय कर दी गई है। 31 मार्च तक नई कार्यकारिणी बनाने का स्पष्ट टास्क दिया गया है और एक महीने के भीतर इस पर प्रगति रिपोर्ट देने के निर्देश भी मिले हैं।

# छत्तीसगढ़ के एक लाख से अधिक श्रमिक और छोटे व्यापारी आएंगे पेंशन कवरेज के दायरे में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में एक लाख से अधिक असंगठित क्षेत्र के श्रमिक और छोटे व्यापारियों को सामाजिक सुरक्षा एवं पेंशन के दायरे में लाने की तैयारी है। यह काम केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन एवं एनपीएस ट्रेडर्स योजना के तहत किया जाएगा। खास बात ये है कि इस संबंध में केंद्र सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने राज्य के मुख्य सचिव को आदेश भेजा है। अब मुख्य सचिव ने इस संबंध में राज्य के अधिकारियों को निर्देश भेजकर योजना के क्रियान्वयन के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

- पीएम श्रम योगी मानधान एवं एनपीएस ट्रेडर्स योजना

### छत्तीसगढ़ में एक लाख से अधिक लोग जुड़ेंगे

केंद्र सरकार ने इस योजना में शामिल करने के लिए एक लक्ष्य तय किया है इसके मुताबिक एक लाख से अधिक लोगों को इसमें शामिल किया जाना है। इशके लिए विशेष पंजीकरण अभियान पूरे राज्य में चलाया जाएगा।शहरों में 15 फरवरी तक गांवों में 15 मार्च कर अभियानकेंद्र के आदेश पर राज्य के मुख्य सचिव ने प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारियों को इस संबंध निर्देश जारी किया है। बताया गया है कि राज्य के शहरी क्षेत्रों में यह अभियान 15 फरवरी तक चलेगा। इसके बाद 16 फरवरी से 15 मार्च तक अभियान ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित होगा। छत्तीसगढ़ राज्य के लिए भारत सरकार द्वारा 1,00,450 लाभार्थियों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान के अंतर्गत पंचायत राज संस्थानों, नगरीय निकायों एवं कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से ऑन-द-स्पॉट पंजीकरण किया जाना है।



### कलेक्टर होंगे जिला नोडल अफसर

अभियान के लिए जिला स्तर पर नोडल अधिकारी जिला कलेक्टर होंगे तथा कलेक्टर इस हेतु अपने अध्यक्षता में टास्क फोर्स का गठन करने का निर्देश है। साथ ही यह भी कहा गया है कि जिला लक्ष्य को कलेक्टर, ब्लॉक, पंचायत,वार्ड स्तर तक विभाजित करेंगे। श्रम विभाग के अधिकारियों की कैपों में उपस्थिति सुनिश्चित कर शिकायत निवारण की व्यवस्था की जाएगी। प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट निर्धारित प्रारूप में जिला कलेक्टर द्वारा राज्य के नोडल एवं भारत सरकार को प्रेषित की जाएगी।

# युवा महा पंचायत में होगा मनरेगा संशोधन का विरोध



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस मनरेगा संशोधन के विरोध में "युवा महा पंचायत" का आयोजन करेगी। 12 फरवरी को होने वाले इस आयोजन में यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी मनीष शर्मा एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब भी शामिल होंगे। मंगलवार को राजीव भवन स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में इस संदर्भ में सूचना देते हुए अन्य महत्वपूर्ण घोषणाएं की गईं। इस दौरान युवा कांग्रेस द्वारा नेशनल ऑफिस बीयरर के पदों की घोषणा की गई। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी ने बताया कि अब युवा ऑनलाइन माध्यम से सीधे राष्ट्रीय स्तर पर राजनीति में सहभागिता कर सकेंगे।

### 3 हजार युवा होंगे शामिल

प्रदेश प्रभारी अमित पठानिया ने कहा, यह महापंचायत उन सभी युवाओं को समर्पित रहेगी, जो 40 वर्ष से कम आयु के हैं, पंचायत से लेकर लोकसभा तक चुनाव लड़ चुके हैं, कांग्रेस के टिकट पर या निर्दलीय रूप से कांग्रेस विचारधारा के साथ जुड़े हुए हैं। इस आयोजन में एसटी, एससी, ओबीसी एवं अल्पसंख्यक वर्ग के युवाओं को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही सामाजिक कार्यों से जुड़े युवाओं को भी आमंत्रित किया जाएगा। अनुमान है कि लगभग 3000 युवा इस महापंचायत में सम्मिलित होंगे।

# पूर्व सीएम पर अभद्र टिप्पणी, तीन घंटे प्रदर्शन के बाद एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सिविल लाइन थाने में मंगलवार दोपहर गहमा-गहमी रही। यहां एनएसयूआई ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर की गई अशोभनीय टिप्पणी के विरोध में मोर्चा खोल दिया। बाद में कांग्रेस के अन्य सहयोगी घटक भी यहां पहुंच गए, जिसके बाद विरोध तेज हो गया। दोपहर लगभग एक बजे एनएसयूआई कार्यकर्ता सिविल लाइन थाने पहुंचे। यहां नारेबाजी करते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग करने लगे। शाम लगभग 5.30 बजे आरोपी पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 196, 352, 353(2) एवं 356 के तहत मुकदमा कायम किया गया। इसके बाद एनएसयूआई व अन्य कांग्रेसजन सिविल लाइन थाने से हटे। लगभग तीन घंटे तक नारेबाजी चलती रही। मांग पूरी होने पर एनएसयूआई ने खुशी जताते हुए कहा, यह कार्रवाई केवल एक व्यक्ति के खिलाफ नहीं बल्कि सोशल मीडिया पर फैल रही गंदगी के खिलाफ चेतावनी है। कानून सबके लिए समान है।



### उचित नहीं नफरत की राजनीति

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कांग्रेस पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ एक प्रोफाइल से लगातार अभद्र भाषा, गाली-गलौज एवं समाज में द्वेष फैलाने वाली टिप्पणी की जा रही थी। अमित सेन नामक व्यक्ति के प्रोफाइल से ये टिप्पणियां की गईं। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष शांतनु झा के नेतृत्व में यह विरोध-प्रदर्शन हुआ। सत्ताधारी पार्टी पर आरोप लगाते हुए एनएसयूआई ने कहा, सोशल मीडिया में जहर फैलाने वाले ऐसे तत्व लोकतंत्र और सामाजिक सौहार्द के दुश्मन हैं। कांग्रेस और एनएसयूआई का हर कार्यकर्ता ऐसे लोगों के खिलाफ मजबूती से खड़ा रहेगा और अन्याय का हर मोर्चे पर मुंहतोड़ जवाब देगा।

# एएसपी और डीएसपी अफसरों को मिली नई जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कमिश्नर प्रणाली लागू होने के बाद राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों का गृह विभाग ने तबादला आदेश जारी किया है। इसके तहत तीन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एडिशनल एसपी) और 3 उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) स्तर के अधिकारियों को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसमें संदीप मित्तल को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राइम रायपुर से स्थानांतरित कर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (क्राइम) कार्यालय पुलिस अधीक्षक रायपुर (ग्रामीण) बनाया गया है। इसी प्रकार अभिषेक कुमार झा को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (विशेष आसूचना शाखा), कैंप बस्तर से हटाकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), कार्यालय पुलिस अधीक्षक रायपुर (ग्रामीण) में पदस्थ किया है। एएसपी प्रशांत शुक्ला को कार्यालय पुलिस अधीक्षक रायपुर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) की जिम्मेदारी दी गई है, वहीं प्रशांत शुक्ला को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) रायपुर से पुलिस अधीक्षक रायपुर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) की जिम्मेदारी दी गई है।

### डीएसपी स्तर में भी बदलाव

जारी आदेश में डीएसपी स्तर के अधिकारियों का भी तबादला हुआ है। इनमें विधानसभा रायपुर के एसडीओपी वीरेंद्र चतुर्वेदी को अब उप पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) कार्यालय से पुलिस अधीक्षक रायपुर (ग्रामीण) की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी प्रकार नगर पुलिस अधीक्षक माना रायपुर के पद पर तैनात लंबोदर पटेल और नगर पुलिस अधीक्षक रायपुर के पद पर पदस्थ तुलसीराम लेकाम को भी उप पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) कार्यालय पुलिस अधीक्षक रायपुर (ग्रामीण) में पदस्थ किया है।

## बिजनेस साइट

### उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल को स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया से मिली मान्यता

रायपुर। वरिष्ठ नागरिकों एवं औद्योगिक कर्मियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल भाठागांव को स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड से महत्वपूर्ण मान्यता प्राप्त हुई है। इस मान्यता के अंतर्गत भिलाई स्टील प्लांट के वर्तमान एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अस्पताल में कैशलेस एवं मान्यता प्राप्त चिकित्सा सुविधाएं मिल सकेंगी। 200 बिस्तरों वाला मल्टी-सुपर स्पेशियलिटी उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल 24×7 आपातकालीन सेवाओं के साथ वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष रूप से उन्नत उपचार प्रदान करता है। यहां स्ट्रोक मैनेजमेंट, हृदय रोग, घुटने की सर्जरी, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल रोग, मधुमेह व डायबिटिक फुट केयर, अल्ज़ाइमर, पार्किंसन तथा न्यूरोलॉजिकल उपचार की आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। अस्पताल का इन्फ्रास्ट्रक्चर एनएबीएच मानकों के अनुरूप है। अनुभवी चिकित्सकों एवं आधुनिक तकनीक के माध्यम से सुरक्षित, संवेदनशील और प्रभावी इलाज सुनिश्चित किया जाता है।

### एमएसएमई संघों की प्रथम इंडस्ट्रियल कमेटी बैठक

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य के प्रमुख एमएसएमई संघों की प्रथम इंडस्ट्रियल कमेटी बैठक उद्योग भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सीएसआईडीसी के चेयरमैन राजीव अग्रवाल ने की। बैठक में उद्योग विभाग एवं सीएसआईडीसी के वरिष्ठ अधिकारी तथा राज्य के 8 एमएसएमई संघों के 11 प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य राज्य में हाल के औद्योगिक विकासों की समीक्षा करना तथा औद्योगिक वृद्धि को गति देने के लिए एमएसएमई संघों से सुझाव प्राप्त करना था। स्वागत उद्बोधन में सीएसआईडीसी के मुख्य महाप्रबंधक ओ.पी. बंजारे ने इंडस्ट्रियल कमेटी के गठन को सरकार और एमएसएमई के बीच संरचित संवाद का सशक्त माध्यम बताया। अपने संबोधन में श्री राजीव अग्रवाल ने औद्योगिक विविधीकरण पर जोर देते हुए निरंतर औद्योगिक विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। बैठक में एमएसएमई प्रतिनिधियों ने पहल की सराहना करते हुए सरकार को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।



## पेज 11 के शेष ...

### सड़क पर गाड़ियां ....

की पार्किंग हो रही है। इसकी खबर निगम मुख्यालय में बैठे आला अधिकारियों से लेकर संबंधित जोन आयुक्त को भी है, पर वहां झांकने कोई नहीं जाता, जबकि छोटे-छोटे ठेले-गुमटी वालों पर आए दिन यातायात बाधित होने का हवाला देकर उन्हें हटाने अभियान चलाया जाता है।

### कचहरी चौक कृष्णा ....

भी निगम अमले ने कभी यहां आकर झांकने की कोशिश नहीं की पार्किंग व्यवस्था की धरातल पर स्थिति क्या है? हालाकि परिसर के लगे छोटे से स्पेस में पार्किंग कराई जा रही है, जिसके लिए आगंतुकों से शुल्क लिया जा रहा है, पर यह व्यवस्था काफी नहीं है। यहां शेड तक की व्यवस्था नहीं है।

### रविभवन सड़क के ....

रोड में पहले 30 फीट के बाद रविभवन की पार्किंग शुरू होती थी पर उस जगह को नाली चौड़ीकरण करने निगम ने दिया। इससे पार्किंग का काफी स्पेस प्रभावित हुआ है। हालत ये है कि सड़क पर आने-जाने वाली जगह पर गाड़ियों की पार्किंग होने लगी है।

### पार्किंग की स्थिति ...

जबकि गांधी मैदान में नगर निगम ने पहले से ही पार्किंग स्थल सुरक्षित रखा है। इसके बाद भी सड़क घेरकर पार्किंग करने वालों पर कोई एक्शन नहीं लिया जा रहा है। टीम प्रहरी भी इस मार्ग में अभियान नहीं चला रही है।

### जारी होता है ....

भर्ती के लिए खत प्रेषित करे तो उक्त तिथि में परीक्षा ली जा सके। 2026 के लिए भी शैक्षणिक कैलेंडर बीते वर्ष जारी कर दिया गया था। व्यापम की वेबसाइट पर यह कैलेंडर उपलब्ध है।

### शहर की कैटेगरी ....

स्कूल खोलने के लिए 2400 वर्ग मीटर जमीन और 12वीं तक स्कूल खोलने के लिए 3200 वर्ग मीटर जमीन जरूरी होगी।

### निगम ने अक्षय ....

के मालिक ने युवक को अपने कुत्ते के चंगुल से मुक्त कराया। पिटबुल डॉग के हमले से सुरेश यादव नाम का युवक घायल हुआ। सुरेश अपने साथी के साथ उस दिन डॉ. अक्षय राव के घर किसी सामान डिलीवरी के पैसे लेने आया था। इस दौरान डॉग बाइट की घटना हुई। इसी संदर्भ में निगम के स्वास्थ्य विभाग ने मंगलवार को डॉ. अक्षत राव को उनके प्रतिबंधित पिटबुल नस्ल द्वारा डॉग बाइट की घटना के सिलसिले में नोटिस दिया है।

### ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के दो अधिकारी निलंबित

रायपुर। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सूरजपुर जिले के प्रेमनगर उप संभाग ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के सहायक अभियंता ऋषिकांत तिवारी और सुकमा जिले के छिंदगढ़ जनपद के उप अभियंता प्रदीप कुमार बघेल को निलंबित कर दिया गया है। राज्य शासन द्वारा निलंबन की यह कार्रवाई रिश्वत के मामले में की गई है। गौरतलब है कि बीते दिनों एंटी करप्शन ब्यूरो ने सूरजपुर जिले के ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उप संभाग प्रेमनगर के सहायक अभियंता ऋषिकांत तिवारी को और सुकमा जिले के छिंदगढ़ जनपद के उप अभियंता प्रदीप कुमार बघेल को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया था। उक्त दोनों अधिकारियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया था। शासन ने उक्त मामले को गंभीरता से लेते हुए छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम के तहत दोनों अधिकारियों के निलंबन की कार्रवाई की है।

## बिजनेस साइट

### म्यूचुअल फंड्स के साथ बिजनेस साइकिल्स में इन्वेस्ट करने के लिए एक आसान गाइड

रायपुर। ज्यादातर निवेशकों को इकॉनमी की अपनी समझ को असल निवेश के फैसलों में बदलना मुश्किल लगता है। यहीं पर म्यूचुअल फंड्स का इस्तेमाल करके बिजनेस साइकिल्स में निवेश करना सच में मदद कर सकता है। बिजनेस साइकिल्स इकॉनमी के अलग-अलग हिस्सों को अलग-अलग तरह से प्रभावित करती हैं। जब इकॉनमी बेहतर होती है तो कुछ एरिया तेजी से रिकवर करते हैं, जबकि दूसरे तब भी स्थिर रहते हैं जब चीजें धीमी हो जाती हैं। इन बदलावों के साथ बने रहने का मतलब है कि आपको लगातार इकॉनमी पर नजर रखनी होगी-जो कि अकेले निवेशकों के लिए करना मुश्किल है। एक म्यूचुअल फंड जो बिजनेस साइकिल्स पर फोकस करता है, वह अपनी इन्वेस्टमेंट प्रोसेस में इकोनॉमिक एनालिसिस को शामिल करके इसे संभालने के लिए बनाया गया है।

यह आमतौर पर इकॉनमी पर एक बड़ी नजर डालने से शुरू होता है। महंगाई, ब्याज दर, सरकारी खर्च, कंपनियां कितना निवेश कर रही हैं, फैक्ट्री प्रोडक्शन, लोन देना, और बिजनेस कितने कॉन्फिडेंट हैं, ये सभी चीजें यह समझने में मदद करती हैं कि हम साइकिल में कहां हैं।

इस इकोनॉमिक नजरिए के आधार पर, आप इंडस्ट्री, थीम और कंपनी के साइज के हिसाब से अपने निवेश बदल सकते हैं। निवेश प्लान के उलट जो आपको कुछ खास स्टाइल, सेक्टर या मार्केट कैप तक सीमित रखते हैं, म्यूचुअल फंड के साथ बिजनेस साइकिल इन्वेस्टिंग आपको इकॉनमी में बदलाव के साथ चीजें बदलने की आजादी देती है।



**गुलशन साहू**
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, रायपुर

इस तरीके की एक और अच्छी बात यह है कि यह भविष्य का अंदाजा लगाने के बजाय एक सिस्टम पर फोकस करता है। शॉर्ट-टर्म भविष्यवाणियां करने की कोशिश करने के बजाय, यह आपके इन्वेस्टमेंट को बड़े इकोनॉमिक ट्रेंड के साथ बनाए रखने और उन ट्रेंड में बदलाव होने पर कार्रवाई करने के लिए तैयार रहने के बारे में है। नियमित चेक और फैसले लेने का एक स्ट्रक्चर्ड तरीका आपको भावनाओं के आधार पर जल्दबाजी में बदलाव करने से रोकता है।

बिजनेस साइकिल इन्वेस्टिंग निवेशकों को स्टॉक मार्केट में बने रहने का एक तरीका देती है, तब भी जब इकॉनमी तेजी से बदलती है। यह साइकिल्स से निपटने का एक सिस्टमैटिक तरीका है - बिना यह अंदाजा लगाए कि वे कब होंगी।

इसी के तहत, इन्वेस्टर्स को आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल बिजनेस साइकिल फंड आकर्षक लग सकता है। जनवरी 2021 में लॉन्च हुए इस फंड ने साइकिल में लगातार परफॉर्मेंस के जरिए अच्छा इन्वेस्टमेंट अनुभव दिया है। 31 दिसंबर, 2025 तक एक साल का सीएजीआर 15.59 प्रतिशत, तीन साल का 22.59 प्रतिशत सीएजीआर और लॉन्च के बाद से 21.02 प्रतिशत सीएजीआर दिया है, जो इन समय अवधियों में अपने बेंचमार्क से 4-8 प्रतिशत प्वाइंट ज्यादा है।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

### न्यायालय नायब तहसीलदार जामगांव आर, तहसील पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.)

**// ईश्तहार //**

प्रकरण क्रमांक / 121 वर्ष 2025-26

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं द्वारा ग्राम भरर प.ह.न. 47 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक शिवकुमार पिता दयाराम निवासी ग्राम भरर तह. पाटन जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा आवेदक अपने पिता दयाराम पिता बुधराम की मृत्यु दिनांक 02.01.1992 को हो जाने से मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पेश किया गया है। प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्तानुसार कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 15/02/2026 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

**नायब तहसीलदार**
**जामगांव आर**

### शिवराज सिंह का भाजपा नेताओं ने किया स्वागत



रायपुर। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के मंगलवार को एक दिवसीय प्रवास पर छत्तीसगढ़ पहुंचने पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने स्वामी विवेकानंद विमानतल रायपुर में आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम, गजेंद्र यादव, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, संतोष पांडेय, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर, जिला पंचायत रायपुर के अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, प्रदेश सह कार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी एवं सत्कार विभाग के प्रदेश संयोजक आकाश विग उपस्थित रहे।












TOYOTA
PRESENTS
DRUMTAO
TOYOTA
FEEL THE
Awesome
BEAT
URBAN CRUISER
HYRYDER
URBAN CRUISER
HYRYDER
STARTING FROM
₹10.94 LAKH*
MILEAGE
27.97 KM/L*
TOTAL BENEFITS UPTO
₹1,72,000*
KAIZEN TOYOTA
RING ROAD NO. 1, SARONA, RAIPUR (C.G.)
91091 61011 www.kaizentoyota.com
Jagdalpur, Dhamtari, Mahasamund, Kanker, Balodabazar, Kodagoan, Dantewada
*Terms & Conditions Apply.
MAHESHWARI

# मेडिकल पीजी एडमिशन, पुराने 275 अभ्यर्थी नई काउंसिलिंग में नहीं हुए शामिल, 657 ने किया संस्था चयन

## दोबारा संशोधित नियम के आधार पर पूरी हो रही प्रवेश प्रक्रिया, अब आवंटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हाईकोर्ट के निर्देश के बाद दोबारा संशोधित नियम के आधार पर राज्य में एमडी-एमएस की सीटों पर प्रवेश शुरू हो गया है। संशोधित नियम के बाद पंजीकृत 657 लोगों को मेरिट सूची जारी की गई है। वहीं 275 ऐसे अभ्यर्थियों का लिस्ट सार्वजनिक किया गया है, जिन्होंने पूर्व में काउंसिलिंग के लिए अपना पंजीयन कराया, मगर नई प्रक्रिया में शामिल होने संस्था चयन नहीं किया है। नई मेरिट लिस्ट के आधार पर सीटों का आवंटन और प्रवेश प्रक्रिया पूरी होगी। संशोधित नियम और एनएमसी द्वारा तय की गई तारीख के आधार पर चिकित्सा शिक्षा विभाग की काउंसिलिंग कमेटी पहली बार प्रथम और द्वितीय राउंड की काउंसिलिंग एक साथ यानी संयुक्त रूप से करवा रही है। संशोधित नियम के आधार पर राज्य की शासकीय सीटों के लिए पंजीयन की प्रक्रिया पूरी की गई, जिसमें 657 लोगों ने पंजीयन के बाद संस्था चयन किया है। वहीं दूसरी सूची में 275 ऐसे लोगों को शामिल किया गया है, जिन्होंने पहले दौर में संशोधित नियम के दौरान अपना पंजीयन कराया था, मगर उनके द्वारा इस बार संस्था चयन और लॉकिंग की प्रक्रिया पूरी नहीं की गई है। सूत्रों का कहना कि वर्तमान काउंसिलिंग में तीसरे यानी मॉपअप राउंड में अपग्रेडेशन का मौका दिया गया है। माना जा रहा है कि पुराने 275 अभ्यर्थी उसी दौरान अपना भाग्य आजमाएंगे। काउंसिलिंग कमेटी ने पूर्व में शासकीय कोटे की सीट को 50-50 प्रतिशत संस्थागत और गैर संस्थागत कोटे में बांटकर दो राउंड की काउंसिलिंग करा दिया था।

### एम्स के अभ्यर्थी को स्टेट काउंसिलिंग से दूर रखने की डिमांड

छत्तीसगढ़ डाक्टर फेडरेशन ने आयुक्त चिकित्सा शिक्षा से एम्स के अभ्यर्थियों को शासकीय कोटे की सीटों पर प्रवेश नहीं देने की मांग की है। फेडरेशन के अध्यक्ष डा. हीरा सिंह ने बताया कि एम्स राष्ट्रीय चिकित्सा परिषद के दायरे में नहीं आता है। वहीं यहां के अभ्यर्थी बांड ड्यूटी और 50 लाख के बांड के नियम से दूर रहते है और वहां के छात्र छत्तीसगढ़ के मूल निवासी भी नहीं होते। स्थानीय छात्रों को प्रवेश बांड ड्यूटी के आधार पर दिया जाता है। संशोधित नियम में एनएमसी द्वारा मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान के अभ्यर्थियों को पात्र माना गया है।



### जीरो परसेंटाइल पर मॉपअप

एनएमसी द्वारा मॉपअप राउंड के दौरान खाली सीटों में एडमिशन आरक्षित वर्ग को जीरो परसेंटाइल आधार पर किए जाने का नियम है। उनके द्वारा सामान्य वर्ग के लोगों के लिए कटऑफ को 7 तथा पीडब्लूबीडी के लिए 5 परसेंटाइल किया गया है। इस फैसले के खिलाफ भी कुछ चिकित्सक न्यायालय की शरण में गए हैं। उनके द्वारा तर्क दिया गया है कि प्रवेश के न्यूनतम अंक में इतनी छूट देना छात्र के साथ स्वास्थ्य हित में भी सही नहीं है।

## खबर संक्षेप

### 21 दिवसीय शीतकालीन विद्यालय प्रशिक्षण का शुभारंभ



**रायपुर।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) द्वारा राष्ट्रीय जैविक तनाव प्रबंधन संस्थान (एनआईबीएसएम) में मंगलवार को 27 जनवरी से 16 फरवरी तक 21 दिवसीय शीतकालीन विद्यालय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम "फसलों में राष्ट्रीय महत्व के कीट एवं रोगजनकों के प्रबंधन के लिए उभरती जैव-प्रौद्योगिकीय एवं बायोरेशनल हस्तक्षेप" विषय पर आधारित है। 21 दिवसीय इस शीतकालीन विद्यालय में देश के 11 राज्यों के भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के विभिन्न संस्थानों तथा राज्य कृषि विश्वविद्यालयों से कुल 25 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। शीतकालीन विद्यालय के माध्यम से प्रतिभागियों को विशेषज्ञ व्याख्यानों, व्यावहारिक प्रशिक्षण, प्रयोगात्मक प्रदर्शनों एवं संवादात्मक सत्रों के जरिए नवीनतम वैज्ञानिक ज्ञान एवं व्यावहारिक कौशल प्रदान किए जाएंगे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ. श्रीधर जे. और डॉ. एसके शर्मा हैं। इस मौके पर मुख्य अतिथि पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सचिदानंद शुक्ला ने उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए शीतकालीन विद्यालय जैसे उन्मुखीकरण एवं क्षमता संवर्धन कार्यक्रमों को वैज्ञानिक दक्षता विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने बदलती कृषि-पारिस्थितिकी परिस्थितियों में फसलों के पादप संरक्षण के लिए उभरती जैव-प्रौद्योगिकीय एवं बायोरेशनल तकनीकों की बढ़ती उपयोगिता पर विशेष बल दिया।

### रजत जयंती पर प्रदेश के 100 से ज्यादा कार्यकर्ताओं का किया सम्मान



**रायपुर।** शहीद विद्याचरण शुक्ल द्वारा स्थापित छत्तीसगढ़ संघर्ष परिषद के 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर बैरन बाजार स्थित आशीर्वाद भवन में रजत जयंती समारोह एवं कार्यकर्ता सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान अतिथियों ने छत्तीसगढ़ महतारी, शहीद पं. विद्याचरण शुक्ल एवं प्रथम अध्यक्ष स्व. सरयूकांत झा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित किए। इसके बाद राजगीत एवं वंदेमातरम का समूह गान हुआ। आमंत्रित अतिथियों द्वारा प्रदेश के 100 से ज्यादा सक्रिय कार्यकर्ताओं का शॉल, तिरंगा मफलर और श्रीफल से सम्मान किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने विद्या भैया के साथ मिलकर किए विभिन्न दौरों, उनके विकास की सोच पर प्रकाश डालते हुए विश्वास व्यक्त किया कि अमितेश शुक्ल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के हितों के लिए संगठन पुनः उसी सक्रियता से कार्य करेगा। परिषद के संरक्षक अमितेश शुक्ल ने स्वागत भाषण में पधारे अतिथियों, कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए शहीद पं. विद्याचरण शुक्ल की अगवाई में हुए पृथक छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण आंदोलनों का स्मरण किया।

## केशकाल-कांकेर के बीच जंगल व पहाड़ियों को काटकर बनाई जा रही प्रदेश की पहली सिक्सलेन सुरंग

# रायपुर कॉरिडोर इकोनॉमिक विशाखापट्टनम सिक्सलेन, इसमें 2.79 किमी. लंबी सुरंग भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भारत माला परियोजना के तहत रायपुर के अभनपुर से विशाखापट्नम तक बनाई जा रही कॉरिडोर इकोनॉमिक विशाखापट्नम सिक्सलेन सड़क .79 किलोमीटर लंबी सुरंग से होकर भी गुजरेगी। यह सुरंग केशकाल और कांकेर वन परिक्षेत्र में बसनवाही एवं मरांगपुरी के घने जंगलों एवं पहाड़ियों को काटकर बनाई जा रही है। हरिभूमि की टीम ने मंगलवार को एनएचएआई के अधिकारियों की टीम के साथ रायपुर से बसनवाही-मरांगपुरी सुरंग तक इस सिक्सलेन सड़क से सफर कर इसकी लाइव रिपार्टिंग की। इससे पता चला कि इस सिक्सलेन सड़क के बन जाने से अभनपुर से मरांगपुरी तक करीब 125 किलोमीटर का लंबा सफर तय करना बहुत आसान हो जाएगा। बिना ट्रैफिक जाम में फंसे लोग वाहन के माध्यम से आसानी से इस सिक्सलेन मार्ग से आवागमन कर पाएंगे।

एनएचएआई छत्तीसगढ़ के रीजनल ऑफिसर प्रदीप कुमार लाल ने बताया कि भारत माला परियोजना के तहत रायपुर जिले के अभनपुर के ग्राम झांकी से शुरू हुई है, जो आंध्रप्रदेश के सब्बावरम में चेनज तक समापन होगी। इस पूरी सड़क की लंबाई कुल 464.662 किलोमीटर की है। 16491 करोड़ रुपए की लागत से बन रही है। सिक्सलेन ओड़िशा एवं छत्तीसगढ़ राज्य से गुजर रही है। इसमें छत्तीसगढ़ में 125 किलोमीटर सड़क बन रही है, जिसकी लागत 4146 करोड़ रुपए है। इस सड़क का सबसे अहम हिस्सा बसनवाही-मरांगपुरी में बन रही 2.79 किलोमीटर की सुरंग है। यह सुरंग पर्यावरणीय प्रभाव से न्यूनतम रखने तथा सतत अवसंरचना विकास के उद्देश्य से डिजाइन की गई है। इस सुरंग के बनने से मार्ग की दूरी बहुत कम होगी, जिससे छत्तीसगढ़ की लौह अयस्क खदानों के लिए परिवहन तेज और सुगम होगा।

### सिक्सलेन सड़क मार्ग से 7 घंटे में अभनपुर से आंध्रप्रदेश पहुंच पाएंगे लोग



सिक्सलेन सड़क मार्ग बन जाने से अभनपुर से सब्बावरम आंध्रप्रदेश की दूरी भी सात घंटे में पहुंचा जा सकेगा। इस सड़क से छत्तीसगढ़, ओड़िसा के औद्योगिक क्षेत्रों को विशाखापट्नम पोर्ट तथा चेन्नई-कोलकाता राष्ट्रीय राजमार्ग से भी तेज कनेक्टिविटी मिलेगी। साथ ही आदिवासी और पिछड़े क्षेत्रों में धमतरी, कांकेर, बस्तर, कोंडागांव की कनेक्टिविटी में भी सुधार होगा।

### आने-जाने के लिए सुरंग में दो रास्ते, दोनों में 3-3 लेन

लगभग 10 मीटर ऊंची और 2.79 लंबी सुरंग में गाड़ियों के आने-जाने के लिए दो रास्ते बनाए गए हैं। इन दोनों रास्ते में 3-3 लेन की सड़क बनाई जा रही है। इस सुरंग में सुरक्षा के मद्देनजर हर 500 मीटर में फायर सेटअप एवं 7.50 मीटर में एक्स्ट्रा जगह भी छोड़ी गई है, ताकि एक्सीडेंट एवं आगजनी जैसा हादसा होने की स्थिति में क्षतिग्रस्त गाड़ियों को मुख्य सड़क से तत्काल हटाकर सुगम यातायात व्यवस्था बनाई जा सके। इसके साथ सुरंग के अंदर जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे, जिसकी मॉनिटरिंग सुरंग के बाहर दोनों हिस्सों में स्टेशन बनाकर किया जाएगा। जहां से सुरंग में प्रवेश करने वाली प्रत्येक गाड़ी एवं उसमें सवार लोगों की एंट्री से लेकर सुरंग के अंदर की पल-पल की मॉनिटरिंग की जाएगी। इस तरह किसी वाहन का हादसा होता है, तो उसमें कितने लोग सवार है तथा रेस्क्यू के दौरान सभी बाहर निकाले गए है या नहीं, इसका भी तत्काल पता चल जाएगा।

### जून तक सुरंग बनाने का काम कम्प्लीट होने की संभावना

एनएचएआई के अधिकारियों ने सुरंग का काम जून तक कम्प्लीट होने की संभावना जताई है। सुरंग में रायपुर से ओड़िशा तरफ जाने वाली सुरंग का काम लगभग अंतिम चरण पर है। यहां हेडिंग के साथ बैचिंग का काम लगभग पूर्ण हो गया है, वहीं लाइनिंग का काम चल रहा है। वहीं ओड़िशा से रायपुर की तरफ आने वाली सुरंग में भी हेडिंग का काम पूर्ण हो चुका है, वहीं बैचिंग का काम भी लगभग 70 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। फरवरी तक बैचिंग का काम भी पूर्ण हो जाएगा। इसके बाद लाइनिंग का काम शुरू किया जाएगा।

# मोडिफाई साइलेंसर लगी 65 बुलेट पकड़ाई, 5-5 हजार का लगाया जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर में पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू होने के बाद शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत यातायात पुलिस ने भी शहर के कई प्रमुख मार्ग पर चेक पाइंट लगाकर विशेष अभियान चलाया, जिसमें मोडिफाइ साइलेंसर लगे 65 बुलेट वाहन को पकड़कर जब्ती बनाया, साथ ही उनके चालकों पर 5-5 हजार रुपए का जुर्माना लगाया।

पुलिस कमिश्नर रायपुर संजीव शुक्ला के निर्देश पर शहर के प्रमुख मार्गों पर दोपहिया वाहन में तेज आवाज करने वाले मोडिफाई साइलेंसर लगाकर चलाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में मोडिफाई साइलेंसर लगे 65 बुलेट वाहन को पकड़कर जब्ती बनाते हुए उनके चालकों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत 5-5 हजार रुपए का जुर्माना वसूला।

### मोडिफाइ साइलेंसर बेचने एवं लगाने वालों के विरुद्ध भी होगी कार्रवाई

राजधानी रायपुर में ऐसे कई आटो पार्ट्स संचालक एवं बुलेट वाहन के विक्रेता भी हैं, जो अमानक एवं सड़क पर असुरक्षित करने वाले सामग्री का विक्रय कर रहे हैं। वहीं मोडिफाई साइलेंसर लगाने का काम भी कई ऑटो पार्ट्स दुकान वाले कर रहे हैं। पुलिस ने चेतावनी दी है कि ऐसे दुकानदार जल्द ही अमानक एवं असुरक्षित सामग्री बेचना एवं लगाना बंद करें, नहीं तो उनके विरुद्ध भी मोटरयान अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि मोडिफाई साइलेंसर लगाकर वाहन चलाने वालों के कारण शहर में जहां ध्वनि प्रदूषण हो रहा है, वहीं आम लोगों में डर भी व्याप्त है। मोडिफाई साइलेंसर लगाकर वाहन चलाने वाले काफी तेज रफ्तार से वाहन चलाते हुए जोर से हार्न बजाते हैं, जिसके कारण अन्य दोपहिया वाहन सवार लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं।

# आंधी-तूफान- बारिश और बाढ़ का मुकाबला करते हुए गांव को रोशन करने वाले बिजलीकर्मी पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



आंधी-तूफान- बारिश और बाढ़ का मुकाबला करते हुए गांव को रोशन करने वाले बिजली कर्मियों को छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज में आयोजित समारोह में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन एवं जनरेशन कंपनी के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव ने पुरस्कृत किया। समारोह में पावर कंपनियों के प्रबंध निदेशक एसके कटियार, राजेश कुमार शुक्ला एवं भीमसिंह कंवर विशेष रूप से उपस्थित रहे। सर्वश्रेष्ठ विद्युत गृह का सम्मान डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह, कोरबा(2×250 मेगावाट) को दिया गया। ट्रांसमिशन कंपनी के अधीन जगदलपुर के मीटर रिले परीक्षण संभाग को सर्वोत्तम परीक्षण संभाग का पुरस्कार प्रदान किया गया। सिविल मुख्यालय संभाग, रायपुर को सर्वश्रेष्ठ सिविल संभाग का पुरस्कार प्रदान किया गया। सर्वोत्तम राजस्व प्रबंधन संभाग का पुरस्कार दुर्ग संभाग को दिया गया। खैरागढ़ संभाग को न्यूनतम लाइन लॉस के लिए पुरस्कृत किया गया। प्रभावी प्रबंधन एवं उचित रखरखाव से लगभग 40 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। इन्हें 50-50 हजार रुपए एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। व्यक्तिगत उपलब्धि के लिए डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी डिलेन्द्र कुमार देशमुख सहायक अभियंता, बोरसी जोन, दुर्ग को सम्मानित किया गया। प्रेमदास माणिकपुरी परिचारक श्रेणी–1 (लाइन), वितरण केंद्र तोकापाल जगदलपुर ने 26 अगस्त को हुई भारी वर्षा के दौरान आई आपदा के पश्चात 11 केवी लाइन एवं पोल/तार मरम्मत कर 12 से अधिक ग्रामों में अल्प समय में विद्युत आपूर्ति बहाल करने सम्मानित किया गया। इसी तरह जनरेशन कंपनी के शमीम सिद्दीकी संयंत्र परिचारक श्रेणी-दो कोरबा पश्चिम, राजकुमार वर्मा कार्यपालन अभियंता मड़वा को राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया। ट्रांसमिशन कंपनी के पिन्टू कुमार भारती सहायक यंत्री उरला, हिमांशु नामदेव कनिष्ठ अभियंता बिलासपुर को भी राज्य स्तर पर मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। केंद्रीय कार्यालय स्तर पर उत्पादन कंपनी के सुभाष कुमार यादव कार्यपालन अभियंता, विनोद कुमार मोहंती कार्यपालन अभियंता तथा ट्रांसमिशन कंपनी के टेनीशन कुमार कुम्भज कार्यपालन अभियंता, सीआर रामचन्द्रन प्रशासनिक अधिकारी डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के मानसिंह चौहान सहायक प्रबंधक (वित्त एवं लेखा), अनुप्रिया रेशम शिववंशी सहायक प्रबंधक (मा.सं), ओमकार चंद्राकर सहायक अभियंता (आईटी), पंकज चौधरी अधीक्षण अभियंता को भी मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# पांच दिन कार्यप्रणाली लागू करने की मांग, बैंक कर्मचारियों की देशव्यापी हड़ताल, ठप रही बैंकिंग सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

5 डे वर्किंग की मांग को लेकर मंगलवार को देशभर के सरकारी बैंकों के कर्मचारी अधिकारी देशव्यापी हड़ताल पर रहे। छत्तीसगढ़ के 2500 बैंक शाखाओं में 25 हजार बैंक कर्मचारी व अधिकारी काम ठप कर हड़ताल में शामिल हुए। ये कर्मचारी यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन के आव्हान पर देशभर में हड़ताल पर रहे। इसका असर देशभर की बैंकिंग सेवाओं में देखने को मिला।



तीन दिन की छुट्टी के बाद मंगलवार को देशभर में बैंक कर्मचारियों की हड़ताल के कारण प्रदेशभर में 2500 बैंक की शाखाओं में हड़ताल रही। इसके चलते सरकारी बैंकों की शाखाओं में ताले लटके नजर आए। बैंक कर्मचारी व अधिकारी सप्ताह में 5 दिन कार्यप्रणाली लागू करने की मांग को लेकर देशव्यापी हड़ताल पर रहे। एकसूत्रीय मांग को लेकर बैंक कर्मचारी सड़क पर उतरे और हाथों में लंबित मांग की तख्तियां लेकर नारेबाजी करते दिखे। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ोदा, इंडियन ओवरसिज बैंक सहित 12 सार्वजनिक बैंकों की सेवाएं इस दौरान प्रभावित रहीं।

### तीन दिनों से अवकाश के कारण बैंक बंद चौथे दिन हड़ताल

विदित हो कि 24 जनवरी को माह का दूसरा शनिवार होने के कारण बैंक बंद रहा इसके बाद 25 जनवरी को रविवार था और 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के चलते शासकीय अवकाश के कारण बैंक बंद था। इसके बाद मंगलवार को चौथे दिन भी बैंक कर्मचारियों की देशव्यापी हड़ताल के चलते बैंकों मे कामकाज नहीं हुआ। इससे लोगों को परेशानी भी हुई। जिसमें ग्राहकों को नकद-लेनदेन, चेक क्लीयरेंस सहित अन्य बैंकिंग सेवाओं से वंचित रहना पड़ा।

# धान खरीदी की तारीख बढ़ाने नेता प्रतिपक्ष महंत ने राज्यपाल को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा, जिला सक्ती में धान बेचने के लिए किसानों को जारी किये गये टोकन पर दर्ज मात्रा से कम मात्रा में धान लिये जाने अथवा नहीं लिये जाने के मौखिक आदेश के कारण किसानों में अत्यधिक असंतोष व्याप्त है। मौखिक आदेश के विरोध में किसानों द्वारा आंदोलन प्रारंभ कर दिया गया है, कई सड़कों पर आवागमन अवरुद्ध कर दिया गया है। उन्होंने कहा, जिला सक्ती में धान बेचने के लिए कुल 91,526 किसानों ने पंजीयन कराया था, खरीदी की अनुमानित मात्रा 5,31,115 मीट्रिक टन है। 27 जनवरी तक धान बेचने वाले किसानों की संख्या 81,711 है। अभी भी कई हजार किसान धान नहीं बेच सके हैं और यदि किसानों से उनके पूरे धान की खरीदी नहीं की जाती है, तो यह उनके साथ बहुत अन्याय पूर्ण होगा। उन्होंने राज्यपाल को लिखे पत्र में कहा, राज्य सरकार को निर्देशित करें कि धान खरीदी योजना के अनुसार किसानों से पूरा धान खरीदे और धान खरीदी की तारीख को आगे बढ़ाए।

# आंदोलनकारी बोले- हड़ताल पर रहीं दो महिलाओं की मौत, विभाग ने कहा- तथ्यहीन-भ्रामक दावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में मिड-डे मील बनाने वाली रसोइया अपनी मजदूरी 66 रुपए से बढ़ाकर 400 रुपए प्रतिदिन करने की मांग को लेकर नया रायपुर के तूता में 30 दिनों से हड़ताल पर हैं। आंदोलनकारियों ने इस दौरान दो महिला रसोइया की मौत होने की जानकारी दी, जिसे शासन ने गलत और भ्रामक बताया है। गौरतलब है, रसोइयों का प्रदर्शन 30 दिनों से जारी है।

रसोइया संघ अध्यक्ष रामराज्य कश्यप ने बताया कि पीएम पोषण योजना के तहत मानदेय बढ़ोतरी की मांग को लेकर वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। रसोइया संघ के प्रदेश अध्यक्ष ने एक वीडियो जारी कर कहा कि इस आंदोलन के दौरान दो रसोइया की मौत हो गई है। इनमें बेमेतरा जिले के बेरला विकासखंड के सलधा गांव स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में पदस्थ दुलारी यादव विगत 29 दिसंबर से धरनास्थल पर बैठी थीं, 25 जनवरी को अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें रायपुर के आंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाद में उन्हें एक निजी अस्पताल रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। वहीं बालोद जिले के डौंडी विकासखंड के कुसुमकसा गांव की रसोइया रुक्मिणी सिन्हा की भी मौत हो गई। आंदोलन के दौरान दो रसोइयों की मौत के बाद यूनियन सदस्यों ने आरोप लगाया है ।

### रसोइया संघ का दावा भ्रामक और तथ्यहीन

लोक शिक्षण संचालनालय ने इस संबंध में तथ्यात्मक स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि यह जानकारी पूर्णतः भ्रामक एवं तथ्यहीन है। लोक शिक्षण संचालनालय के अनुसार हड़ताल पर बैठे रसोईयों के प्रतिनिधियों की संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय एवं सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग से चर्चा हुई थी। इस दौरान शासन द्वारा रसोईयों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए उनके मानदेय में 25 प्रतिशत की वृद्धि, अर्थात 500 रुपए की वृद्धि किए जाने की कार्यवाही की जानकारी दी गई थी तथा हड़ताल समाप्त कर अपने-अपने निवास स्थान लौटने का आग्रह किया गया था। इसके बावजूद कुछ रसोईयों द्वारा धरना स्थल पर बने रहने का निर्णय लिया गया। जिन दो रसोईयों की मृत्यु होने की बात कही जा रही है, उनमें से एक रसोइया बालोद जिले की थीं, जो 20 एवं 21 जनवरी को धरनास्थल पर उपस्थित रही थी, किंतु बाद में अपने निवास स्थान लौट गई थी। वहां उसकी तबीयत खराब होने पर उसे दल्ली राजहरा स्थित शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। दूसरी महिला रसोइया बेमेतरा जिले के बेरला विकासखण्ड की निवासी थीं, जो पहले से ही गंभीर बीमारी से पीड़ति थीं। उन्हें भिलाई स्थित शंकराचार्य अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हुई। लोक शिक्षण संचालनालय ने स्पष्ट किया है कि दोनों ही मामलों में संबंधित रसोईयों की मृत्यु का धरनास्थल अथवा हड़ताल से कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं है।

